हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शुक्रवार ● 30.08.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 41 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया



# जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक, अवैध बालू उठाव व परिचालन पर सख्ती बरतने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में एजेन्डावार विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन की समीक्षा की। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त अवैध बालू के उठाव तथा परिचालन की सूचना पर उपायुक्त पुलिस तथा प्रखंड स्तर बेहतर कॉर्डिनेशन के साथ कारवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलास्तर पर बने कुल 09 अस्थायी चेक पोस्ट का सुचारू रूप से क्रियान्वयन न होने के कारण बालू से लदे वाहनों का परिचालन में वृद्धि की बात कही। बड़कागांव / कटकमदाग/ सदर/ बरकट्ठा/ कटकमसांडी/ पेलावल आदि से अवैध परिवहन की सूचनाएँ दैनिक समाचार पत्रों, स्थानीय प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तर से लगातार प्राप्त हो रही है। जिसकी रोकथाम हेतु समीक्षा। विशेष शाखा, झारखण्ड, रॉची से प्राप्त पत्र के अनुसार बड़कागांव क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से बालू उठाव कर कटकमदाग होते हुए बालू परिवहन का मामला प्रतिवेदित किया है तथा चौपारण थानान्तर्गत क्षेत्रों से भी नदियों से स्थानीय मिलीभगत कर बालू के अवैध परिवहन का मामला की जानकारी के आधार पर स्थानीय प्रशासन व पुलिस को टीम गठित कर नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे गतिविधियों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। खनन विभाग द्वारा बड़कागांव/ चुरचू/ विष्णुगढ़/ चरही आदि क्षेत्रों से कोयला के अवैध खनन, परिवहन के संदर्भ में की गई कार्रवाई एवं रोकथाम की समीक्षा। आगे उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी खनिज से लदे वाहनों को ओभरलोड के मामले में पकड़े गये वाहनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीएफओ वाइल्ड लाइफ सूरज कुमार, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे मौजुद रहे।

## एक नजर

### कदवा चारमाइल गांव के पास मिला अज्ञात शव

**पदमा :** हजारीबाग जिले के पदमा ओपी थाना अंतर्गत कदवा चारमाइल गांव के पास गुरुवार को एक अज्ञात शव मिला है। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों की सूचना पर पदमा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, हजारीबाग भेज दिया है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए स्थानीय लोगों से अपील की, लेकिन अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पदमा पुलिस ने मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है और सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। गौरतलब है कि 21 जुलाई को भी इसी क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिला था, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने इलाके के लोगों को चिंतित कर दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि इन रहस्यमयी मौतों की सच्चाई सामने आ सके।

### रोड के सर्वे के लिए आए एनटीपीसी के अधिकारियों को ग्रामीणों ने रोका

**बड़कागांव :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोंदलपुर में एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजन के अधिकारियों के द्वारा रोड का में सर्वे का कार्य किया जा रहा था । सूचना मिलते हैं गोंदलपुर के स्थानीय ग्रामीणों अदानी कोल खनन परियोजन के विरूद्ध सतत धरनास्थल से जाकर उन्हें रोका और कहा इस कार्य करने से पहले आप ग्राम सभा की स्वीकृति लेनी होती है। आप तो बिना ग्राम सभा किए हुए आप यह सर्वे का कार्य कैसे कर रहे हैं वही ग्रामीणों ने अधिकारियों को इसकी सूचना देते हुए उन्हें हिदायत दी गई कि आगे का कार्य करने से पहले ग्राम सभा को इसकी सूचना दे ले अन्यथा आप क्षेत्र में काम करने के लिए ना आए। सतत धरना दे रहे धरना स्थल पर अधिकारियों को वह इज्जत से बिठाकर उन्हें उनकी जानकारी दी गई साथी डायरी में अधिकारियों के द्वारा हस्ताक्षर कर उन्हें बड़कागांव पुलिस के समक्ष उन्हें वहा से इज्जत सहित उन्हें जाने दिया गया। मौके पर मुखिया वासुदेव यादव ने कहा की कोई भी कार्य करने से पहले ग्राम सभा की मंजूरी ली जाती है लेकिन प्रतिनिधि होने के नाते मुझे इसकी अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई कंपनी मनमाने तरीके से सर्वे का कार्य कर रही थी जो इसका ग्रामीणों ने भारी विरोध किया।

### बाबूपरा गांव की कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील, ग्रामीण परेशान

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के बादम के अंतर्गत बाबूपरा गांव की कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील इसी गांव में पूर्व मुख्य दीपक दास एवं वर्तमान मुखिया सुनीता देवी का आवास है । इसी रोड से होकर आंगनबाड़ी केंद्र जाया जाता है ।बच्चो को काफी दिकत का समना करणा पड़ता हैं। पूर्व शिक्षक केदार पासवान ने कहा काफी वर्षों से यह दिक्कत देखने को मिल रहा है। यहां की जनप्रतिनिधि किसी तरह की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई ।लोगों को काफी परेशानी हो रही है। रात को देखते हुए ग्रामीणों ने जल्द से जल्द पक्की सड़क बनाने की मांग की है। मांग करने वाले में मुख्य रूप से पूर्व शिक्षक,केदार पासवान, समाजसेवी, संदीप पासवान, तपोस पासवान ,कपिल कुमार ईश्वरी पासवान, सुरज पासवान, तुलसी पासवान,बिश्वेसर पासवान कार्तिक पासवान यदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला के सभी प्रखंडों के बीस सूत्री अध्यक्ष उपायुक्त से मिले



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला के सभी प्रखंडों के बीस सूत्री अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात किया। अध्यक्षों ने डीसी से सभी प्रखंडों के अध्यक्ष के द्वारा अनुशंसित योजना को स्वीकृति देने का मांग किया। इसपर डीसी ने कहा कि पहले फंड उपलब्ध नहीं था। अब सरकार के द्वारा फंड उपलब्ध कराया गया है। जल्द ही सभी बीस सूत्री अध्यक्ष के द्वारा अनुशंसित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृती दी जाएगी। साथ ही प्रखंड में बीस सूत्री की बैठक में प्रखंड के बीडीओ द्वारा आनाकानी करने की शिकायत पर डीसी ने त्वरित कारवाई करते हुए सभी बीडीओ को प्रत्येक माह बीस सूत्री की बैठक आयोजित करने का निर्देश पत्र भेजने का आदेश दिया। चलकुशा प्रखंड में अब तक बीस सूत्री की एक भी बैठक नहीं होने की शिकायत पर उन्होंने त्वरित कारवाई करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा तीस अगस्त से आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिला से प्रेषित पत्र मे बीस सूत्री कमिटी कै भी शामिल करने का निर्देश दिया।

# जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को ले शिविर आज से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** मुख्य सचिव, झारखंड के निर्देश पर जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न पंचायतों और नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डो में शिविर का आयोजन कर लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। जिले के सभी पंचायतों में शिविर लगाने को लेकर जिलास्तर से तैयारी भी प्रारंभ कर दी गयी है। जिले के विभिन्न पंचायतों में शिविरों के आयोजन की तिथि की रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। शिविर का आयोजन 30 अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक किये जाने का निर्णय लिया गया है। वहीं सभी प्रखंडों के लिये वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी किया गया है। शिविरों में आम जनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। शिविर में आम जनों से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किया जाएगा एवं आवेदनों का त्वरित निष्पादन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष शिविर में आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे।

**शिविर में इन योजनाओं पर रहेगा मुख्य फोकस**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना , किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र कार्यक्रम के अंतर्गत वैसी योजनाएं जिन्हें राज्य सरकार सैचुरेशन मोड में लागू करने के लिए कृत संकल्पित है, जैसे सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, आयुष्मान कार्ड का वितरण, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए संबंधित एफआरसी द्वारा आवेदन प्राप्त किए जाएंगे ताकि छूटे हुए व्यक्तियों को भी लाभान्वित किया जा सके। प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित किया जाएगा जिसके माध्यम से शिविर में ही ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों और सरकारी लाभों का वितरण लाभुकों के बीच किया जाएगा। सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्ति तथा स्वीकृति हेतु शिविर में योजनावार अलग-अलग स्टॉल लगाया जाएगा।

# बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने तीन गांवों में ट्रांसफार्मरों का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड के विकास के लिए लगातार प्रयासरत बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने क्षेत्र के तीन प्रमुख गांवों में नए ट्रांसफार्मरों का उद्घाटन कर बिजली आपूर्ति में सुधार का नया अध्याय लिखा। विधायक अकेला ने करसो गांव में 200 केवीए, हरला गांव में 100 केवीए और कोयली गांव में 200 केवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों का विधिवत उद्घाटन किया। जिससे इन गांवों में बिजली की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। विधायक उमाशंकर अकेला ने उद्घाटन समारोह के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इन नए ट्रांसफार्मर के लग जाने से गांवों में बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि करसो, हरला और कोयली गांवों में बिजली की समस्या बनी हुई थी, जिसे दूर करने के लिए उनके प्रयास से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है। इन गांव के निवासियों को अब पर्याप्त वोल्टेज पर बिजली प्राप्त होगी, जिससे कृषि, शिक्षा, और घरेलू कार्यों में सुगमता आएगी। विधायक अकेला ने आगे कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने बताया कि इन गांवों में बिजली की समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मरों की मांग की गई थी, जिसे उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और विधायक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक ने कहा, बिजली किसी भी क्षेत्र के विकास का आधार है। जब तक ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की सुचारु आपूर्ति नहीं होगी, तब तक वहां के लोग सही मायने में विकास का लाभ नहीं उठा सकते। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बरही प्रखंड के हर गांव में पर्याप्त और स्थिर बिजली आपूर्ति हो।

# शिविर में मरीजों की दांतों की सफाई जैसे बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त हैं : डॉ प्रवीण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में एनटीपीसी चट्टी बरियातु के सहयोग से बडकागांव स्थित जोर्दाग मीडिल स्कूल दिन गुरूवार को निःशुल्क दंत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ नेत्र एवं रक्त परीक्षण के साथ ही निशुल्क टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट एवं दवा वितरण किया गया। शिविर का कुल 182 मरीजों ने लाभ उठाया। डॉक्टरों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। हजारीबाग डेंटल कॉलेज डेमोटांड के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हजारीबाग डेंटल कॉलेज का उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। शिविर के मरीजों के दांतों की सफाई जैसे बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है और इसके लिए अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हमारी डेंटल कॉलेज परिवार की कोशिश है कि निशुल्क शिविर का लाभ जन- जन तक पहूंचे तथा इससे हर जरूरतमंद लाभान्वित हो। डेंटल कॉलेज के सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली और डॉ. सोम्या राज ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। शिविर में प्रशिक्षु डॉ. आयुषी, डॉ. देचेन, डॉ. रंजना, डॉ. नितिन, डॉ. सोनाली और डॉ. कौशिक के अलावे विभागीय कर्मचारी राजकुमार दास और पुष्पा कुमारी ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी। विद्यालय प्रबंधन ने डॉक्टर्स की टीम के कार्यों की सराहना किया।

# हजारीबाग झील के अस्तित्व पर खतरा, साफ सफाई के अभाव में लगरहा गंदगी का अंबार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

▸ वीड हार्वेस्टर मशीन बन गयी है हाथी का दांत जलकुंभी से नहीं दिख रहा है झील का पानी : भैया अभिमन्यु प्रसाद



**हजारीबाग :** हजारीबाग का झील के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। रखरखाव और साफ सफाई के अभाव में इसकी सुंदरता अब समाप्त होती जा रही है। हजारीबाग पूरे झारखंड में एक ऐसा जिला है जहां एक ही परिसर में पांच झील है। झील आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा है। प्रशासनिक उदासीनता और सामाजिक तत्वों के कारण इसके सुंदरता पर ग्रहण लग गया है। असामाजिक तत्वों का यह अड्डा बनता जा रहा है। जहां आए दिन कोई ना कोई घटना घट रही है। बरसात के दिनों में झील पानी से लबालब भर जाती थी। लेकिन इस बार भरी भी नहीं। क्योंकि शहर का पानी जिस नाले के जरिए आता था उसे बंद कर दिया गया। इस कारण वाटर रिचार्ज भी झील में नहीं हो पाया है। आलम यह है कि जलकुंभी से झील का पानी ढंक चुका है।इसे देखने वाला कोई नहीं है। लाखों रुपए की कीमत से जो मशीन को खरीदा गया आज वह हाथी का दांत साबित हो रहा है। यह बातें हजारीबाग में भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा है। भैया अभिमन्यु प्रसाद भाजपा के वरिष्ठ नेता है। लेकिन उनका कहना है कि यह बातें वह हजारीबाग के नागरिक होने के नाते कर रहे हैं। प्रशासनिक पदाधिकारी के कार्यालय का चक्कर काट काट कर और विरोध दर्ज करने के बाद भी झील की स्थिति सुधरी नहीं है। इस कारण अब अपनी बातों को मीडिया में रखने के लिए बेबस हूं। भैया अभिमन्यु प्रसाद ने गुरुवार को झील परिसर स्थित दादा दादी पार्क में प्रेस वार्ता किया। जहां उन्होंने हाल के दिनों में झीलों की स्थिति को देखते हुए अपनी बातें रखी। उनका कहना है कि झील लोग स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए प्रत्येक दिन पहुंचते हैं। आलम यह है कि झील परिसर में लोगों की आने की संख्या भी घट रही है। क्योंकि पानी सड़ चुका है और उसमें दुर्गंध है। जलकुंभी के कारण पानी अब दिखता तक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि झील परिसर में लोग कुंडा डालने तक आ जा रहे हैं । यही नहीं झील के एक भाग में सेप्टिक टंकी का पानी भी गिरा दिया जा रहा है। नगर निगम ने लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से आत्धुनिक वीड हार्वेस्टर मशीन की खरीदारी की थी। लेकिन वह मशीन का उपयोग नहीं हो रहा है। उसके रखरखाव ड्राइवर और डीजल के नाम पर पैसा का बंदर बांट किया जा रहा है। उन्होंने यह भी झील परिसर के रखरखाव और सुंदरता के नाम पर करोड़ों रुपए का घोटाला हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है झील परिसर को नो कंस्ट्रक्शन जोन घोषित किया जाए। उन्होंने यहां एक बड़ी बात कहा कि जितने भी बड़े अधिकारी हैं वह झील परिसर में कोई ना कोई टेंडर अपने भाई भतीजा के नाम पर करवा देते हैं। जिस कारण इसकी प्राकृतिक सुंदरता के साथ खिलवाड़ हो जाता है। स्वच्छता स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा भी प्रेस वार्ता में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सैकड़ों समर्थकों के साथ केदार यादव कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल




**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में पदमा प्रखंड प्रखंड के केदार यादव नें अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें फुलमाला तथा कांग्रेस का पट्टा पहना कर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने बताया कि केदार यादव के साथ-साथ शशि कुमार यादव, राहुल यादव, सतीश कुमार राज, सौरभ कुमार यादव, कुन्दन कुमार राणा, नीतिश यादव, रहीश अंसारी, मोबाशिर अहमद, शक्तिनाथ यादव, पप्पू यादव, शुभम कुमार यादव, पंकज यादव, कुणाल कुमार, सतीश यादव, प्रींस कुमार सिंह, सागर कुमार सिंह, डेगलाल यादव, देव कुमार, मोनू कुमार, रंजीत सिंह, शशि कुमार यादव, शंकर कुमार श्रृषि, रमेश कुमार, सुरज कुमार सिंह, पप्पू सिंह, रोहित यादव, प्रदीप यादव, शशिपाल पाठक, पल्लू सिंह, जयंत प्रसाद यादव, रंजन साव, नकूल पासवान, राम प्रसाद भारती, अमन कुमार, निखिल गुप्ता, अंकूश कुमार, उदय कुमार, आशीष कुमार, अमीत राज, विवेक कुमार, आयूष कुमार, बंटी साव, चन्दन यादव, दिनेश गुप्ता, प्रींस कुमार, आशीष यादव, पवन यादव, अभिषेक राणा, संदीप कुमार, लवकेश कुमार, सुरेश सिंह, सुनिल ठाकुर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत वरिष्ठ कांग्रेसी संजय तिवारी, अजय गुप्ता, रेणू कुमारी, मनिषा टोप्पो, दिलीप कुमार रवि, रंजीत यादव, विजय कुमार सिंह, भैया असीम कुमार आदि उपस्थित थे।

### कोनरा मुखिया और पंसस प्रतिनिधि ने नए थाना प्रभारी का किया स्वागत



**बरही :** कोनरा ग्राम पंचायत की मुखिया यास्मीन तब्बसुम और पंसस प्रतिनिधि मो. सागिर ने नए थाना प्रभारी का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान मुखिया यास्मीन तब्बसुम ने नए थाना प्रभारी को बुके भेंट किया, जबकि मो. सागिर ने राधा-कृष्ण का फ्रेम उपहार स्वरूप भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर दोनों प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी के साथ क्षेत्र की सुरक्षा और शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### जेबीकेएसएस ने दामोदर घाटी निगम से आवास लीज नीति रद करने की मांग की



**बिष्णुगढ़ :** दामोदर घाटी निगम के द्वारा निर्मित आवास खाली होने के कारण नीति बनाकर लीज पर दिया जा रहा है जिसमें सेवानिवृत कर्मचारी, अधिकारी के लिए नीति बनाई गई है । इसके तहत आवास को लीज पर देकर किराया लिया जाएगा। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री माही पटेल उर्फ महेंद्र प्रसाद महतो ने बताया कि नीति से हम विस्थापितों एवं झारखंडीयत के मूल भावना के विरुद्ध है। ये नीति झारखंडियों से जमीन छीन कर गैर झारखंडियों को बसाने वाला नीति है। विस्थापितों ने जमीन परियोजना के लिए दिया है ना कि बिल्डिंग बना कर लीज देने के लिए। जिला अध्यक्ष सह उप प्रमुख कहा कि डीवीसी द्वारा झारखंड विरोधी नीति रद्द नहीं किया गया तो हमारा संगठन आन्दोलन को बाध्य होगा। इस दौरान मुख्य रूप से झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री माही पटेल उर्फ महेंद्र प्रसाद महतो, जिलाध्यक्ष सह उप प्रमुख सरयू साव, विकास कुमार, रविशंकर यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, धानेश्वर कुमार, उमेश कुमार समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### डांड के ग्रामीणों ने वन पट्टा के लिए हजारीबाग एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत डांड के सामुदायिक वन अधिकार समिति डांड द्वारा अबुवा वीर दिशोम अधिनियम के तहत वनाधिकार पट्टा प्राप्ति के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा ।सौंपे गए दावे पत्र में समिति के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यों ने बताया कि वन भूमि से जुड़े जमीन को लेकर जमीन का प्लॉट एवं नकसा और भी दस्तावेज आवेदन में संलगण कर के दिया है उन्होंने बताया कि इस दस्तावेज इस जमीन में पूर्वजों के द्वारा आज से लगभग वर्षो से पूर्व इस जमीन में जोत कोड का कार्य किया ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा है ।इसलिए इस जमीन को वन अधिकार वन पट्टा अधिनियम के तहत इस जमीन को कब्जा दिलाने का मांग किया जा रहा है। पत्र में यह भी लिखा गया है की वन पट्टा अधिनियम 2006 और 2012 का संशोधन के अनुसार मोजा डांड के व्यक्तिगत वन पट्टा और सामुदायिक वन पट्टा दिलाने का मांग रखी गई है ।जो दोनों मांग के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी को दस्तावेज के साथ ग्रामीणों ने ज्ञापन सोपा है। मौके पर वन समिति के अध्यक्ष तुलेश्वर साव, सचिव शाहिद अंसारी,मोहमद हकीम ,राजेश यादव,आदि सदस्यों का नाम शामिल है।

### केबीएसएस प्लस टू उच्च विद्यालय प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष बने दिलीप राणा

**चौपारण :** प्रखंड में केबीएसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। इसमें नियमानुसार पर्यवेक्षक, विद्यालय प्राचार्य उतम कुमार, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह सहित बडी संख्या में उपस्थित अभिभावकों के समक्ष समिति का गठन किया गया। गठन में बारह सदस्यों का चयन हुआ जिसमें अध्यक्ष समाजसेवी दिलीप राणा तथा उपाध्यक्ष मीना देवी को चुना गया। वहीं दस सदस्यों में झरोखा देवी, सरिता देवी, बिमला देवी, मोनिका देवी, काजु देवी, आकाश कुमार, उस्मान अंसारी, नरेश चंद्र पांडेय, हिरामन साव, बब्लू साव चुने गए। हांलाकि चुनाव दो बार हुआ जिसमें दोनों बार दिलीप राणा ही निर्वाचित हुए। दरअसल पहले राउंड में तीन प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए खड़े हुए। इसमें दिलीप राणा को पांच, नरेश पांडेय को दो तथा महिला उम्मीदवार मीना देवी को तीन मत मिले। ज्यादा मत मिलने पर दिलीप राणा को अध्यक्ष घोषित किया गया। परंतु नरेश चंद पांडेय की आपति पर दुबारा चुनाव कराया गया। इस बार महिला उम्मीदवार मीना देवी दौड से हट गई तथा अपना समर्थन नरेश पांडेय को दिया। पुनः चुनाव होने पर दोनों उम्मीदवार दिलीप राणा तथा नरेश पांडेय को बराबर पांच पांच मत मिले। बराबर मत आने पर सचिव को मत देने का अधिकार है परन्तु उन्होंने मत नहीं दिया। लाटरी का सहारा लिया गया।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • शुक्रवार • 30.08.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 41 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### रामदास सोरेन बनेंगे हेमन्त सरकार में 12वें मंत्री, आज लेंगे मंत्री पद की शपथ



**रांची :** झारखंड में तेजी से बदल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बीच एक ओर राज्यपाल ने चंपाई सोरेन का इस्तीफा मंजूर कर लिया है, तो दूसरी तरफ घाटशिला से झामुमो ने विधायक रामदास सोरेन का नाम मंत्री पद के लिए राज्यभवन भेजा है। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने हेमंत सरकार में मंत्री रहे चंपाई सोरेन का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। झामुमो ने उनकी जगह दूसरे विधायक का नाम भी मंत्री पद के लिए फाइनल कर लिया है। घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन अब उनकी जगह लेंगे। इसका प्रस्ताव राजभवन को भेज दिया गया है। रामदास सोरन शुक्रवार को 11.30 बजे मंत्री पद की शपथ लेंगे।

### सिपाही बहाली दौड़ में 28 अभ्यर्थी हुए बेहोश

**गिरिडीह :** सरकारी नौकरी की प्रतिस्पर्धा में हर युवा सफल होने के लिए काफी मेहनत करता है। इन दिनों उत्पाद विभाग के सिपाही बहाली को लेकर युवा वर्ग में काफी उत्साहित है। रोजना बड़े पैमाने पर गिरिडीह के न्यू पुलिस लाइन में 10 किलोमीटर का दौड़ भी लगा रहे हैं। लेकिन दौड़ने के क्रम युवा बीच रास्ते में गिर रहे है। गुरुवार को न्यू पुलिस लाइन में बहाली प्रक्रिया में दौड़ने के क्रम में एक साथ 28 युवा गिर कर बेहोश हो गए। बेहोश हुए युवाओं को आनन फानन में एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टर के देखरेख में सभी अभ्यर्थियों का इलाज किया जा रहा है। बेहोश हुए अभ्यर्थियों में विजय यादव, सुहैल अख्तर, सचिन वर्मा, अंकित कुमार, प्रकाश विश्वकर्मा, विशाल महतो, अरवल के रंजन कुमार, दिनेश तुरी, प्रभु कुमार, प्रमोद उंराव, चिंतामणी मंडल, गुड्डू कुमार, आनंद कुमार, अभिषेक उपाध्याय समेत अन्य अभ्यर्थी शामिल है। गुरुवार को 10 किलोमीटर दौड़ की प्रक्रिया को पूरा करने के क्रम में गिर कर बेहोश हो गए। बताया जा रहा है की कड़ी गर्मी के कारण 28 अभ्यर्थी गिर कर बेहोश हुए।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में 44 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# झारखंड के 39 लाख उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में 44 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दाडेल ने कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शहीद होने वाले अग्निवीरों के आश्रितों को झारखंड सरकार आर्थिक मदद देगी। साथ ही एक आश्रित को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आश्रित को पूरी तरह से परिभाषित किया गया है। अग्निवीर सैनिक की पत्नी और आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान 10 लाख और अनुकंपा पर नौकरी दी जाएगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष डीके तिवारी की सेवा अगले एक साल तक या 65 वर्ष आयु में जो पहले हो बढ़ाने की स्वीकृति दी गई। डीके तिवारी पहले भी इस पद पर तीन वर्ष से थे, लेकिन 12 फरवरी 2024 उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। रांची के कल्याण विभाग के अंतर्गत आवासीय विद्यालय में छात्र बालों की वृद्धि की जाएगी।




वर्तमान में 16368 छात्र इन आवासीय विद्यालय में है। इसे बढ़ाकर 37 हजार तक किया जाएगा।

वित्त विभाग के अंतर्गत पीएएमयू में प्रोग्राम डायरेक्टर और एडिशनल डायरेक्टर के पद का सृजन होगा। राज्य सरकार के पुराना वेतन ले रहे कर्मियों का महंगाई भत्ता 230 प्रतिशत से 239 प्रतिशत किया गया। इसका लाभ एक जुलाई 2024 से मिलेगा। राज्य के 3944389 बिजली उपभोक्ताओं जो 200 यूनिट तक बिजली माफी योजना का लाभ ले रहे थे उनका बकाया एरियर माफ कर दिया गया। इनका 3584 करोड़ रुपया बकाया था। सदर अंचल चाईबासा में छठा अंचल के गठन की मंजूरी दी गई। इसमें तीन पंचायत को शामिल किया गया। डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए भारत सरकार से एमओयू करने की मंजूरी दी गई। होमगार्ड को बढ़ावा मानदेय देने की घाटनोत्तर स्वीकृति दी गई। झारखंड वक्फ नियमावली 2024 का गठन किया गया। सहायक अध्यापक सेवा शर्त 2024 नियमावली में संशोधन किया गया। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र में मेयर और नगर आयुक्त को प्रशासनिक और अनुशासनिक अधिकार उनके लिए दिए गए और नगर परिषद नगर पंचायत में नगर अध्यक्ष या कार्यपालक पदाधिकारी को अधिकार दिया गया है।

### इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- अपुनरीक्षित वेतन वाले राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ा।
- गृह विभाग अंतर्गत फिंगर प्रिंट डिपार्टमेंट में पदों की स्वीकृति।
- रिवर्स ऑस्मोरिस वाटर उपचार संयंत्र संचालक और अनुज्ञप्ति नियमावली 2024 के गठन की स्वीकृति के संबंध में वाटर फिल्टर प्लांट के लिए नियमावली बनाई गई।
- झारखंड वक्फ नियमावली 2024 को मंजूरी।
- नेतरहाट समेत झारखंड के चार विशेष विद्यालयों को आगे चालू रखने का फैसला।
- झारखंड अग्नि शमन सेवा विधेयक को मंजूरी।
- राज्य में इको टूरिज्म को विकसित करने के लिए केंद्र की तर्ज पर योजना की स्वीकृति, अधिकतम राशि 44 करोड़।
- राज्य में चलाई जाएंगी दो विज्ञान प्रदर्शनी बसें।
- एम्स देवघर में अतिरिक्त पावर स्टेशन और संचालन लाइन बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी।
- पीएम पोषण सखी योजना में अब 12 महीने का मानदेय मिलेगा।
- डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए भारत सरकार के साथ एमओयू को मंजूरी।

## मांडर और बेड़ो में जल्द ही कोल्ड स्टोरेज होगा चालू : दीपिका पाण्डेय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कृषि और सहकारिता मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने कहा है कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में किसानों से जुड़ी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मांडर और बेड़ो के सरकारी कोल्ड स्टोरेज को जल्द ही चालू करने का प्रयास किया जायेगा।

मंत्री गुरुवार को अपने दौरे के क्रम में सबसे पहले मांडर पहुंची जहां मांडर चौक कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। उनके साथ मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी थी। मांडर प्रखण्ड के बूढ़ाखोखरा में कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने संवेदक से बातचीत की और सभी तकनीकी समस्याओं की जानकारी लेने के बाद उन्होंने कहा कि जल्द ही समाधान के पश्चात निर्माण कार्यों को पूरा किया जायेगा। इसके साथ ही कोल्ड स्टोरेज में बिजली आदि की व्यवस्था भी अविलम्ब की जायेगी। मांडर के बाद मंत्री बेड़ो पहुंची जहां केशा मोड़ पर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। केशा मोड़ पर उन्होंने एक कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था को देखा। इसके बाद वह बाजारटांड पहुंची जहां उन्होंने कोल्ड स्टोरेज को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि वह मांडर, बेड़ो, ईटकी, लापुंग एवं चान्हो क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का अविलंब समाधान करें। तिर्की ने मंत्री को जानकारी दी कि प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ अन्य समस्याओं से भी यहां के किसान विशेषकर महिला किसानों को जूझना पड़ रहा है और इसका खामियाजा उन्हें पारिवारिक स्तर पर उठाना पड़ रहा है। इस अवसर पर भवन निर्माण विभाग के अनेक अभियंता और अनेक वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की हड़ताल समाप्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में 27 अगस्त से ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की जारी हड़ताल गुरुवार शाम को समाप्त हो गया है। झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन और रांची जिला ई रिक्शा यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की दक्षिणी छोटानागपुर आयुक्त (कमीशनर) के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि बैठक के दौरान आयुक्त ने जनहित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया की ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा के विषय में कोई भी निर्णय लेने से पूर्व यूनियन के साथ बैठक करके ही निर्णय लिया जाएगा। आयुक्त ने 3000 ई रिक्शा को सिटी पास देने के लिए आश्वासन दिया। ऑटो की परमिट को 17 रूट में बांटने पर फिलहाल अगली बैठक तक रोक लगा दिया गया है। नई ऑटो परमिट को देने पर आयुक्त के जरिये तत्काल रोक लगा दिया गया है। इस हड़ताल समाप्ति की घोषणा के समय मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश सी एन जी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव, चंचल चटर्जी एवं रांची जिला ई रिक्शा यूनियन के संरक्षक उत्तम यादव, रामकुमार सिंह, शैलेंद्र वर्मा, सुरेंद्र पांडे, सुनील सिंह, संतोष श्रीवास्तव, नागेंद्र पांडे, पंकज सिंह, आनंद वर्मा, समान मंसूरी, भोला सिंह सहित अन्य ऑटो चालक मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि राजधानी रांची के 4 जोन को 17 रूट में बांटने के विरोध में ऑटो चालक और ई-रिक्शा चालक 27 अगस्त से हड़ताल पर थे। इस वजह से छात्र, सहित अन्य लोगों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा था।

## प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में 365 सीएचओ को मुख्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र

# लोग तभी स्वस्थ रहेंगे जब स्वास्थ्य विभाग स्वस्थ रहेगा : हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** लोग तभी स्वस्थ रहेंगे, जब स्वास्थ्य विभाग स्वस्थ रहेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी ऑलराउंडर की भूमिका में हैं। सीएम हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में ये बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने 365 अनुबंध आधारित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ) को नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम में सीएम ने पांच सीएचओ को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जिसमें पहली बार ट्रांसजेंडर अमीर महतो के अलावा रीता महतो, डॉ। पियुल कुजूर, मजमा परवीन और डॉ संदीप कुमार को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा गया।



### स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक सरलता से पहुंचाएं

सीएम ने नवनियुक्त सीएचओ से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक सरलता से पहुंचाएं। आज भी लोग झाड़फूंक, जड़ी-बूटी के आधार पर परंपरागत तरीके से स्वास्थ्य उपचार कराने में लगे रहते हैं। यह एक चिंतनीय विषय है। राज्य के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति विश्वास के साथ जोड़ना है। आज अलग-अलग विभागों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### राज्य में हजारों नियुक्तियां प्रक्रियाधीन

सीएम ने कहा कि राज्य में हजारों नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने कहा कि कुछ साथियों को लगता है कि हमलोग हाथ पर हाथ धरे बैठें हैं, लेकिन हम बताना चाहते हैं कि सरकार ने पशु चिकित्सक, चिकित्सा पदाधिकारी, लैब अस्सिटेंट, जूनियर इंजीनियर, सहायक इंजीनियर, पंचायत सचिव, लिपिक, लेखापाल, दंत चिकित्सक, नर्स, आयुष चिकित्सक, फॉरेंसिक साइंटिस्ट आदि पदों पर कई नियुक्तियां की हैं। बेहतर कानून व्यवस्था और न्याय के लिए एपीपी की भी नियुक्तियां की गई हैं।

हेमन्त सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों के रखरखाव के लिए सालाना पांच करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। वहीं स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए दो लाख, पीएचसी के लिए पांच लाख, सीएचसी के लिए 10 लाख, सब जिविजनल हॉस्पीटल के लिए 50 लाख और जिला अस्पताल के लिए सालाना 75 लाख रुपये का प्रावधान रखरखाव के लिए किया गया है।

### 21680 सुरक्षित व 11356 ऑक्सीजन युक्त बेड : बन्ना

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में 15 से ज्यदा आरटीपीसीआर लैब हैं। जीनोम सिक्वेंशिंग मशीन भी है। 21,680 बेड सुरक्षित हैं और 11,356 ऑक्सीजन युक्त बेड हैं। विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि सीएचओ 100 तरह की दवाओं को प्रेसक्राइब कर सकते हैं।

# जोधपुर एयरबेस पर शुरू हुआ वायु सेना के हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' का दूसरा चरण

- आज होगा विधिवत उद्घाटन, सात देशों की वायु सेनाएं होंगी शामिल।

एजेंसी

**जोधपुर :** मल्टीनेशन एयर एक्सरसाइज तरंग शक्ति-2024 के दूसरे चरण का आगाज गुरुवार को जोधपुर एयरबेस से हुआ। हालांकि इस एक्सरसाइज का विधिवत उद्घाटन 30 अगस्त की शाम को होगा। आज औपचारिक रूप से सभी देशों के वायु योद्धा जोधपुर एयरबेस पर एकत्र हुए। इस हवाई अभ्यास में भारत सहित सात देश जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, यूएई, हंगरी की वायुसेना का दल हिस्सा ले रहा है। जापान के एयरक्राफ्ट सहित अन्य देशों के



विमान अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। तेजस, सुखोई-30 एमकेआई के साथ लूफ्टवाफे जर्मन एयरफोर्स और स्पेनिस एयरफोर्स के यूरोफाइटर टाइफून एक्सरसाइज करेंगे। तरंग शक्ति युद्धाभ्यास का प्रथम चरण 6 से 14 अगस्त तक तमिलनाडू के सुलुर एयरफोर्स स्टेशन पर हुआ था, जिसमें अधिकांश यूरोपीय देश ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन शामिल हुए थे। भारत की सैन्य शक्ति के विकास और ग्लोबल अलांयस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के उद्देश्य से इंडियन एयरफोर्स की मेजबानी में हो रहे इस युद्धाभ्यास से अन्य देशों की वायु सेना के बीच समन्वय बढ़ेगा। तरंग शक्ति की मेजबानी करके भारत सैन्य मजबूती और ताकत के साथ सुरक्षा ग्लोबल डिफेंस इकोसिस्टम में भागीदारी निभाने का संदेश देगा। इंटर ऑपरेटीबिलिटी के साथ इंटेरिगेशन को बढ़ावा मिलेगा। इस एक्सरसाइज से दुश्मन देश को कड़ी चेतावनी मिलेगी। 11 और 12 सितबर को मुख्य देशों की एयरफोर्स के चीफ जोधपुर आएंगे और भारतीय वायुसेना अध्यक्ष वीआर चौधरी के साथ एक-दूसरे देशों के लड़ाकू विमान उड़ाएंगे। पहली बार जोधपुर के आसमान में दुनिया की सबसे शक्तिशाली अमेरिकी एयरफोर्स चीफ जनरल डेविड डब्ल्यू एल्विन हमारा तेजस उड़ाएंगे। उनके अलावा ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स चीफ एयर मार्शल स्टीफन चैपल, जापानी एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स के चीफ जनरल हिरोआकी उच्कुरा, यूएई डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इस्सा अल मजरूई और भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल वीआर चौधरी एक-दूसरे के लड़ाकू विमान उड़ाएंगे।

### सूर्यकिरण व सारंग का प्रदर्शन 7 को

युद्धाभ्यास के दौरान सात सितबर को पब्लिक डे के दिन केवल भारतीय वायसुेना के विमान ही प्रदर्शन करेंगे। सूर्यकिरण टीम 9 हॉक विमानों के साथ भाग लेगी। सारंग टीम अभी मिश्र गई हुई है। उसके मिश्र से सीधा जोधपुर आने की संभावना है। वहीं बांग्लादेश की एयरफोर्स पहली बार भारतीय धरती पर किसी युद्धाभ्यास में भाग लेने आ रही है। सत्ता पलट के कारण पहले उन्होंने मना कर दिया था, जिसके कारण जोधपुर में उनकी होटल बुकिंग कैंसिल कर दी गई थी। दो दिन पहले उन्होंने हामी भरी है।

# छत्तीसगढ़ में नारायणपुर व कांकेर की सीमा पर मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली ढेर



एजेंसी

**रायपुर/नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ से बड़ी खबर सामने आई। यहां नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन महिला नक्सलियों को मार गिराया है। घटनास्थल से तीन महिला नक्सलियों के शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किये गये हैं। वहीं क्षेत्र में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

तीन महिला नक्सलियों के शव, हथियार समेत अन्य सामान बरामद पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर सुरक्षाबल के जवान आज सुबह लगभग आठ बजे गश्त पर गये। जैसे ही जवान उस क्षेत्र में पहुंचे, नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। बाद में जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से रूक-रूक कर गोलीबारी होती रही। जवानों की गोली से तीन महिला नक्सली ढेर हो गये। सुरक्षाबलों ने अभी तक घटनास्थल से तीन महिला नक्सलियों के शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किये हैं।

### सबसे अधिक नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़

बता दें कि छत्तीसगढ़ सबसे अधिक नक्सल प्रभावित राज्य है। छत्तीसगढ़ के 15 जिले नक्सल प्रभावित हैं। इनमें बीजापुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद, नारायणपुर, राजनांदगांव, मोहल्ला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरगढ़-छुईखदान-गंडई, सुकमा, कबीरधाम और मुंगेली शामिल है।

## एक नजर

### लायंस क्लब बाघमारा ने स्पोर्ट्स दिवस मनाया

**धनबाद** : आज राष्ट्रीय खेल दिवस के सुवसर पर लायंस क्लब बाघमारा के सहयोग से खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन संस्कार ज्ञानपीठ प्लस टू विद्यालय पीयूष विहार हरिना में किया गया। इस प्रतियोगिता में शतरंज, कैरम एवम कुश्ती आदि खेला का आयोजन किया गया। शतरंज प्रतियोगिता में विजेता ऋतुराज कुमार एवम उप विजेता राकेश कैरम प्रतियोगिता में बालक वर्ग में विजेता अनमोल एवम गौरव उपविजेता आयुष सिंह एवं विवेक महतो, बालिका वर्ग विजेता वर्षा कुमारी एवं साक्षी कुमारी उपविजेता पारी शर्मा एवं सुनैना कुमारी ,कुस्ती प्रतियोगिता बालक वर्ग विजेता पवन सिंह उपविजेता अनिकेत कुमार रहा। सफल प्रतिभागियों लायंस क्लब बाघमारा की ओर से पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन डा मुकेश कुमार राय,क्लब प्रशासक लायन एस एन राय,लायन नीरजा राय संस्कार ज्ञानपीठ के प्राचार्या रश्मि कुमारी,सुभाष रजक ,खेल शिक्षक प्रिंस कुमार नोनिया , संजीव कुमार यादव एवम संजय रजवार उपस्थित रहे।

### यातायात पुलिस ने जांच अभियान चलाया, वसूले तीन लाख जुर्माना



**बोकारो** : पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार पुलिस उपाधीक्षक, यातायात आशीष कुमार महली के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। जिसमें तीन लाख से ज्यादा जुमार्ना वसूला गया। इस विशेष अभियान में आर०के० राणा, पु०नि० सह थाना प्रभारी, यातायात थाना एवं यातायात थाना के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों का सहयोग रहा। अभियान के तहत लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई एवं इस संबंध में लंबी दूरी की बसे, भारी वाहन, चार पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन, दो पहिया वाहन आदि के विरूद्ध का उपयोग कर चलाया गया एवं बिना अनुज्ञप्ति, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट एवं अन्य कागजात का भी जॉच किया गया। जांच के कम में के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों से कुल 3,01,650/- (तीन लाख एक हजार छः सौ पचास) रू० का जुमार्ना किया गया।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर डीवीसी कर्मियों को दिलाई गयी फिट इंडिया की शपथ

**धनबाद** : डीवीसी मैथन परियोजना में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कर्मियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई। कार्यपालक निदेशक सह परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे ने उन्हें शपथ दिलाई। दुबे ने कर्मियों से कहा कि सक्रिय और स्वस्थ जीवन के लिए खेलकूद जरूरी है। स्वास्थ रहने के लिए अपनी दिनचर्या से 30 मिनट फिटनेस के लिए अवश्य निकालें। अपने परिवार के सदस्यों व पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें। खेल फिटनेस और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक शानदार माध्यम है। खेलने से न सिर्फ आपका शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मन और मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। यह आपका ब्लड सकुर्लेशन, मूड और मानसिक स्वास्थ्य को सही करता है। तनाव भरी दुनिया में खेल ही है, जो कि आपको कुछ मिनटों में स्ट्रेस फ्री होने में मदद कर सकता ह। मौके पर मुख्य महाप्रबंधक संजीत कुमार सिन्हा, वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव कुमार श्रीवास्तव, अभिजीत चक्रवर्ती, राम स्नेह शर्मा, संजय शर्मा, सुरेंद्र कुमार साहू, पार्थसारथी मुखर्जी, उज्जवल बनर्जी सहित अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

# जिला टास्क फोर्स ने चास बाजार से चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : उपायुक्त बोकारो के निदेर्शानुसार गठित जिला धावा दल ने आज श्रम विभाग के नेतृत्व में चास बाजार के गुड्डू चिकन से 2, त्रिमूर्ति लाइट से एक तथा त्रिमूर्ति बैग दुकान से एक बाल श्रमिको को विमुक्त कराया। जिला धावा दल का नेतृत्व श्रम अधीक्षक बोकारो रंजीत कुमार ने करते हुए कहा कि बाल मजदूरी कराना कानूनन अपराध है इसके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। बोकारो जिले में बाल मजदूरी तथा बाल तस्करी को रोकने के लिए अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि बाल शोषण के मामले की जानकारी कोई भी जिला टास्क फोर्स को दे सकता है। उसपर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया की रेस्क्यू किए गए बाल श्रमिको को बाल कल्याण समिति बोकारो के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे बाल गृह चास भेजा जा रहा है। इस दौरान श्रम विभाग से अखलाक अहमद, संतोष चौधरी, सहयोगिनी के गौतम सागर, फुलेंद्र रविदास , अनिल कुमार हेंब्रम तथा चाइल्ड लाइन से प्रीति कुमारी शामिल थी। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन तथा बचपन बचाओ आंदोलन के साथ मिलकर संस्था पूरे जिले में बाल मजदूरी तथा बाल तस्करी को लेकर सघन रूप से कार्य कर रही है । जिले में बाल तस्करी तथा बाल मजदूरी के किसी भी प्रकार के मामले की सूचना टोल फ्री नंबर में या टास्क फोर्स को दिया जा सकता है। इस दौरान सभी बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति के प्रीति प्रसाद, प्रगति शंकर , रेनू रंजना तथा रजी अहमद के निर्देश पर सहयोग विलेज चास भेज दिया गया है।

### खुदिया नदी में नहाने गया युवक डूबा, दो साथी बचे

**धनबाद** : निरसा के नयाडांगा काली मंदिर के समीप गुरुवार की सुबह खुदिया नदी के सातघटिया घाट पर नहाने के दौरान बिहार के राजगीर निवासी युवक सचिन यादव डूब गया। साथ में स्नान कर रहे उसके दो साथियों उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। लेकिन नदी की तेज धारा व बहाव में दोनों डूबने लगे। दोनों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। सचिन का कोई पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना पाकर निरसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को खोजने के प्रयास में जुट गई। सचिन के साथ नदी में स्नान कर रहे उसके गांव के रिश्ते के चाचा अरविंद यादव व संतोष कुमार ने बताया कि हमलोग ट्रक पर कोलकाता से बिस्किट लोड कर बरकट्ठा जा रहे थे। रात में निरसा के गुरुदास नगर में रुक गए थे। गुरुवार की सुबह नदी में स्नान करने चले गए।

## आप भी बन सकते हैं खेल का जादूगर : फादर डा.जोशी वर्गीस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि मेजर ध्यानचंद भारतीय हाकी टीम के कप्तान थे। उनके नेतृत्व में भारतीय टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। उनका खेल देखते ही बनता था। वह बिजली की सी फुर्ती से विरोधी टीम के खिलाफ गोल करते थे। अपने प्रदर्शन के दम पर कई बार भारत का नाम विश्व स्तर पर रौशन किया। मेजर ध्यानचंद ने अपने आप को पूरी तरह से खेल को समर्पित कर दिया था। उनका जीवन अभाव से भरा रहा। लेकिन उन्होंने परिश्रम व लगन से एक सफल खिलाड़ी के रूप में अपने को साबित किया। यह उनके अंदर सबसे बड़ा गुण था। आज के खिलाड़ियों को उनसे सीखने की आवश्यकता है। विद्यार्थी खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन आधार पर विश्व स्तर पर अपना परचम लहरा सकते हैं। खेल शिक्षक राजेश्वर सिंह ने भी मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। बास्केटबाल के कोर्ट में मैच का आयोजन किया गया। बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। मौके पर उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी, हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी,मीनाक्षी कुमारी, सौरभ कुमार, वंदना शर्मा आदि उपस्थित थीं।

### ईसीआरकेयू ने उठायी विद्युत और मेडिकल संबंधित समस्याएं

## आकस्मिक इलाज मामले में बाधाओं को दूर करें : मो ज्याऊद्दीन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के साथ धनबाद मंडल रेल प्रशासन की स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक मंडल रेल प्रबंधक सभागार में गुरूवार को सम्पन्न हुई। प्रशासनिक पक्ष की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा ने तथा संचालन वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अजीत कुमार ने किया। यूनियन पक्ष का नेतृत्व ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने किया।बैठक के पहले दिन विद्युत विभाग तथा मेडिकल संबंधित समस्याओं और मांगों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखा गया। विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सेफ्टी शूज, हेलमेट, हैंड ग्लोव्स तथा अन्य संरक्षा के उपकरणों की आपूर्ति किए जाने की मांग रखी गई। धनबाद सहित विभिन्न रेलवे कालोनियों तथा याड्र्स में पर्याप्त रोशनी के लिए टावर मास्ट लगाने, लातेहार में पेयजल आपूर्ति के लिए डीप वेल में इलेक्ट्रिक व्यवस्था करने, टोरी स्टेशन में नया ट्रांसफरमर लगाने, धनबाद मंडल रेल प्रबंधक भवन के सभी विभागों को वातानुकूलित करने के लिए केन्द्रीय वातानुकूलन प्लांट लगाने, उक्त भवन में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आर वो प्लांट लगाने सहित कई मांगों को यूनियन ने प्रस्तुत किया।यूनियन के मीडिया प्रभारी ने बताया कि मेडिकल संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के दौरान अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को बताया कि आकस्मिक इलाज के लिए रेलकर्मियों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। उनपर रेफरल अस्पताल प्रबंधन द्वारा इलाज के पैसे जमा करने का दबाव बनाया जाता है। मंडलीय अस्पताल से आकस्मिक इलाज के लिए रेफरल प्रक्रिया को स्वीकृत करने के लिए जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है जो अव्यवहारिक है, इसका सरलीकरण किया जाना आवश्यक है। संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक पहल और समाधान का आश्वासन दिया।

## रेलवे की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर खटालों पर चला बुलडोजर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : दक्षिण पूर्व रेलवे बोकारो ने पखुरियाटांड़ के समीप दोनों ओर पटरी के बीच रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर, खटाल संचालकों के लिए गुरुवार का दिन भारी रहा। पूर्व घोषित सूचना के बोकारो रेलवे इंजीनियरिंग विभाग की टीम आरपीएफ जवानों के साथ उक्त स्थल पर बनी झोपड़ीनुमा घरों को तोड़ने पहुंची। टीम द्वारा करीब दो दर्जन घरों को ध्वस्त किया गया। कुछ माह पूर्व इन खटालों के 11 मवेशी इंजन की चपेट में आया था टीटी लाइन से पैसेंजर ट्रेन का परिचालन संभव है। कुछ माह पूर्व इन्हीं खटालो के 11 मवेशी टीटी से आ रही एक इंजन के चपेटे में आ गया था। इसके बाद से उक्त स्थल रेलवे अधिकारियों के लिए सिरदर्द बन कर उभरा था। इधर, रेलवे अधिकारियों ने परियोजनाओं के विस्तार का हवाला देकर इन खटालों को हटाया। रेलवे लाइन के किनारे बसे होने के वजह से पानी, गोबर रेलवे लाइन पर पसर रहा था। जो संभावित दुर्घटनाओं का कारण हो सकता है। पीडब्लूआई अनुरंजन कुमार ने बताया की यह रेलवे की भूमि है, जिस पर विगत कुछ वर्षो से खटाल बना कर अवैध कब्जा किया गया था। 6 महीने से इन्हें कई बार स्वतः खाली करने का नोटिस दिया गया था, लेकिन इन लोगों ने रेलवे के अतिक्रमित भूमि को मुक्त नहीं किया। जिसके बाद विभागीय आदेश प्राप्त होने के बाद डोजरिंग की करवाई की गई।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर बीएसएल में खेल सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तथा हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की स्मृति में बीएसएल के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार, महा प्रबंधक ए के अविनाश, महा प्रबंधक मो. टी सलाम, महा प्रबंधक सी आर के सुधांशु, सहायक महा प्रबंधक एस रजक सहित अन्य अधिकारी, प्रशिक्षक एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बोकारो के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी उपस्थित थे। आरम्भ में एस रजक ने मुख्य अतिथि तथा प्रतिभागियों का स्वागत किया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि कुंदन कुमार के द्वारा मेजर ध्यान चंद के चित्र पर पुष्प अर्पण किया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 74 खिलाड़ियों को खेल सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त क्रीड़ा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने के लिए 24 प्रशिक्षक/पूर्व खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। कुंदन कुमार ने खेल-कूद को जिन्दगी का एक अहम् हिस्सा बताते हुए खिलाड़ियों को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खेल दिवस की पृष्ठभूमि में क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

# चिन्मय विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : चिन्मय विद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारत के महान हॉकी खिलाडी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के शुभ अवसर पर कई खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कक्षा नवमी से बारहवीं तक के बालक वर्ग के लिए अंतर सदन बास्केटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

चिन्मय विद्यालय, बोकारो के स्वामी तपोवन सभागार में भी छोटे छोटे बच्चों ने राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विद्यालय अध्यक्ष बिश्वारूप मुखोपाध्याय एवं उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. साथ ही सभी को राष्ट्रीय खेल दिवस की ढेरो शुभकामनायें देते हुए कहा की इस तरह मैचों के आयोजन से कई खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। इनसे प्रभावित होकर हमारे खिलाड़ियों में नयी ऊर्जा आ गयी है। छात्र जीवन में ही खेल का प्रारंभ किया जाना चाहिए। विद्यालय में सही प्रशिक्षण प्राप्त कर खेल में अपना भविष्य आसानी से बनाया जा सकता है। आज खेल के क्षेत्र में पुरे विश्व में असीम संभावनाएं हैं। विद्यालयों से ही खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण देकर अंतराष्ट्रीय स्तर तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है। छात्रों के लिए विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित करके उस प्रतियोगिता से बेहतर खिलाड़ियों का चयन कर, उन्हें उच्चस्तर का प्रशिक्षण देकर, राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के लिए तैयार कर सकते हैं। विद्यालय में प्रतिभा की कमी नहीं है। यहाँ के बच्चे हर क्षेत्र में उच्चस्तर पर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। विभिन्न खेल स्पर्धा के कारण आज पूरे विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सभी बच्चों में जोश और उमंग साफ साफ दिख रहा था ।विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने विशेषकर दूरभाष पर सभी को राष्ट्रीय खेल दिवस कि शुभकामना दी। अंतर सदन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अग्नि सदन ने वायु सदन को 26-18 से हराकर प्रतियोगिता जीत ली। इससे पूर्व अग्नि सदन ने पृथ्वी सदन को एवं वायु सदन ने जल सदन को हरा कर फाइनल मे जगह बनाई । अग्नि सदन के चेतन, अभिषेक , आदर्श , प्रतीक, श्रेयांस एवं आयुष तथा वायु सदन के अदित्या, रिसू , दिव्यांश, यश, रोहन ने शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों के बीच बॉस्केटबॉल का प्रदशर्नी मैंच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। मैच का संचालन किंकर कृष्णा एवं प्रत्यूष सिंह ने किया।

विद्यालय के उप प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार ने सभी आंगतुकों, अतिथियों, शिक्षकों, खिलाड़ियों, निर्णयको, प्रशिक्षकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर विद्यालय के वरिय शारीरिक शिक्षक हरिहर पांडें, संजीव कुमार, प्राजंल सेकीया, आदर्श आचार्य, विशाल गौतम, रणविजय ओझा, नितिश पांडें, परवीण कुमार, ललीता उरांव एवं अन्य शिक्षकगण ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अशोक कुमार निषाद व द्वारिका प्रसाद मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 18 सितंबर से



**धनबाद** : हर वर्ष की भाती इस वर्ष वर्ष तेतुलमारी के पी एस टी फुटबॉल ग्राउंड में स्व अशोक कुमार निषाद व स्व द्वारिका प्रसाद मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता 18 सितंबर से आयोजित होगी, जिसकी तैयारी को लेकर आज चन्दौर पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से राजू मल्लाह को अध्यक्ष व प्रेमन कुमार को सचिव तथा चक्रधारी महतो को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया। प्रत्येक वर्ष तेतुलमारी के पी एस टी फुटबॉल ग्राउंड में ओम स्पोटिंग क्लब द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। बैठक में अध्यक्ष राजू निषाद, सचिव प्रेमन निषाद,टीम मैनेजर चक्रधारी महतो,दिलीप निषाद,अमरदेव सिंह, मोहन कुमार, उमेश कुमार, नागेंद्र कुमार, मनोज कुमार, सुनील निषाद, उत्तम कुमार, राजकुमार,दीपक कुमार,सुजीत कुमार, बबलू कुमार,राहुल कुमार,अमन कुमार,सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कतरास महाविद्यालय में इंटरमीडिएट में नामकरण शुरू



**धनबाद** : कतरास कॉलेज कतरासगढ़ में इंटरमीडिएट की नामकरण फिर से शुरू कर दी गई है। आज बीबीएमक्यू यूनिवर्सिटी में सिंडिकेट की मीटिंग के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इंटरमीडिएट के नामकरण को लेकर सिंडिकेट की मीटिंग के दौरान वाइस चांसलर से मुलाकात कर आज की आज इंटरमीडिएट की नामकरण को प्रारंभ करने को लेकर ज्ञापन सौपा। जिसका परिणाम विद्यार्थी परिषद को मीटिंग खत्म होने के बाद मिला। इसको लेकर विद्यार्थी परिषद एवं शिक्षक गण वाइस चांसलर एवं कतरास कॉलेज के प्राचार्य का आभार प्रकट करती है। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद जिला के जिला संयोजक अंशु तिवारी विश्वविद्यालय संयोजक नीरज निखिल, कतरास नगर के नगर सह मंत्री शुभम हजारी, सुधांशु प्रसाद गुप्ता, आकाश कुमार सिंह, अखिल सिन्हा, एवं कतरास कॉलेज के शिक्षक अजय कुमार पांडे, त्रिपुरारी कुमार सिंह, कुणाल कुमार चौरसिया, दीपक कुमार, एवम अन्य सभी लोग उपस्थित थे।

### 11वीं कृषि गणना के सर्वेक्षण के लिए प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का हुआ आयोजन



**धनबाद** : 11 वीं कृषि गणना के द्वितीय एवं तृतीय चरण के सर्वेक्षण कार्य के लिए गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सभी अंचल के अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सभी अंचलों के कंप्यूटर ऑपरेटर ने भाग लिया। इस क्रम में प्रतिभागियो को नई कृषि गणना वेब पोर्टल एवं पावर पोइंट के माध्यम से ऑनलाइन विस्तृत प्रशिक्षण प्रमोद कुमार-एएसओ, राजीव कुमार- एएसओ, रुपेश कुमार मिश्रा, आईटी मैनेजर एवं प्रमोद कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर, जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा दिया गया। सभी प्रतिभागियो को निर्देश दिया गया कि 11 वीं कृषि गणना द्वितीय एवं तृतीय चरण का कार्य 01 सितम्बर, 2024 से शुरू कर 31 दिसम्बर, 2024 तक समयानुसार समाप्त करना है।

### नियोजन की मांग को लेकर विस्थापित अप्रेंटिस संघ ने बीएसएल निदेशक के आवास का किया घेराव



**बोकारो** : विस्थापित अप्रेंटिस संघ बोकारो ने गुरुवार को नियोजन की मांग को लेकर बीएसएल के ईडी राजन प्रसाद के आवास का घेराव किया। ईडी आवास के मुख्य गेट पर धरना पर बैठ गये। अप्रेंटिस संघ के सदस्यों ने कहा कि हम लोग जमीन दाता है। हमारे भूमि पर बीएसएल प्लांट स्थापित है, लेकिन हमारी समस्याओं को सुनने का समय ईडी महोदय के पास नहीं है। जब भी हम मिलने का वक्त मांगते हैं, हमें टाल दिया जाता है। कहा कि 24 अगस्त को संघ के साथ वार्ता की तिथि निर्धारित थी, लेकिन इन्होंने वार्ता करना उचित नहीं समझा। मजबूरन आज इनके आवास द्वार पर बैठे है। शाम करीब 5 बजे ईडी से वार्ता के लिए 13 सितंबर की तिथि निर्धारित कर, संघ सदस्यों को दिया गया। इसके बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया।

2016 से अपनी मांगों को लेकर भटक रहे है हम-

संघ सदस्यों ने कहा कि वे अप्रेंटिस किये हुए है। लेकिन आज तक उन्हें नियोजन नहीं मिला। सांसद, विधायक द्वारा भी ईडी राजन प्रसाद से हमारी समस्या समाधान के लिए आग्रह किया गया था। लेकिन उनकी बातों को भी अनसुना कर दिया गया। कहा कि बीएसएल प्रबंधन तानाशाह हो गया है। लिहाजा हमें आंदोलन को बाध्य होना पड़ा।

### आईजी ने महिला पुलिस सुरक्षा और थानों की सुविधाओं का लिया जायजा

**बोकारो** : एसपी कार्यालय सभागार में जोन के 11 महिला थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में उत्तरी छोटानागपुर जोन के आईजी एस माइकल राज ने महिला सुरक्षा और महिला थानों में सुविधाओं की समीक्षा की गई। इस बैठक में बोकारो के एसपी पूज्य प्रकाश और मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान, आईजी ने सभी 11 महिला थानों में उपलब्ध सुविधाओं और दर्ज मामलों की प्रगति की समीक्षा की। मीडिया से बात करते हुए, आईजी एस माइकल राज ने कहा कि महिला सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने थानों में महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं और महिला सुरक्षा को लेकर की जा रही तैयारियों पर भी चर्चा की।

## एक नजर

### झारखंड कैडर के आईपीएस एसएन प्रधान शनिवार को होंगे सेवानिवृत्त

**रांची :** झारखंड कैडर के तेज तर्रार 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी एसएन प्रधान दो दिन बाद 31 अगस्त (शनिवार) को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार वह वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीजी हैं। 31 अगस्त को रिटायर होने के बाद उन्हें झारखंड पुलिस विदाई देगी। वहीं अगले पांच माह में झारखंड कैडर के चार और आईपीएस सेवानिवृत्त होंगे। इनमें अजय भटनागर 30 नवंबर 2024, पूर्व डीजीपी अजय कुमार सिंह और मुरलीलाल मीणा जनवरी 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। अजय भटनागर फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

### पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज

**रांची :** पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को अवैध खनन और टेंडर मैनेज से प्राप्त 1250 करोड़ रुपए से अधिक अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। फिलहाल पंकज मिश्रा जेल में बंद है। इससे पहले अदालत ने अदालत ने 27 अगस्त को सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। पंकज मिश्रा ने दूसरी बार जमानत की गुहार लगाते हुए 17 अगस्त को याचिका दाखिल की थी। उसकी जमानत याचिका निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने खारिज कर दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने मामले में 19 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है।

### पूर्व मंत्री आलमगीर के करीबी हाकिम के घर पर सीबीआई का छापा

**रांची :** पूर्व मंत्री आलमगीर के करीबी हाकिम मोमिन के घर पर सीबीआई की टीम छापेमारी कर रही है। सीबीआई की टीम गुरुवार को पाकुड़ शहर स्थित हाकिम के घर पर पहुंचकर कागजात की जांच कर रही है। आलमगीर के करीबी हाकिम के बारे में सनसनीखेज जानकारी सामने आया है। हाकिम, जिसके पास वर्ष 2020 में पांच हाइवा हुआ करता था, आज की तारीख में उसके नाम से 107 हाइवा व जेसीबी है। वर्ष 2020 वही साल है, जब आलमगीर का ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री होने का सफर शुरू हुआ था। हाकिम की तरक्की इतनी तेजी से कैसे हुई, यह समझना ज्यादा मुश्किल काम नहीं है। इन गाड़ियों की अनुमानित कीमत करीब 100 करोड़ है। हाकिम ने सभी वाहनों की रजिस्ट्रेशन पाकुड़ से ही कराया है। हाकिम के नाम से गाड़ियां होने के दस्तावेज लगातार न्यूज नेटवर्क के पास उपलब्ध है। जानकारी के मुताबिक, हाकिम ने 107 वाहनों को खरीदने के लिए अलग-अलग बैंकों से लोन लिया है। जिन बैंकों से हाकिम ने लोन लिया है, उनमें एसबीआई, सीआईएफसीएल, एमएमएफएसएल, एक्सिस बैंक, एचडीबी, आईबीएल, कोटक, फेडरल, टीएमएफ, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई और टाटा कैपिटल बैंक शामिल है। बताया जाता है कि हाकिम की सारी गाड़ियां सरकारी कॉन्ट्रैक्ट के काम में लगते हैं। ठेकेदारों की मजाल नहीं कि, वो हाकिम को छोड़ किसी दूसरे की गाड़ी का इस्तेमाल कर सकें।

# आगामी पर्व-त्योहारों में बेहतर विधि-व्यवस्था का संधारण सुनिश्चित करें : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व सहित अन्य पर्व-त्योहार राज्य में शांतिपूर्वक संपन्न हो इस निमित्त हर हाल में बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पर्व-त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की कोई हिंसा, उपद्रव, संगठित अपराध इत्यादि की घटनाओं को अबिलम्ब रोका जा सके इसके लिए पुख्ता तैयारी रखें। अपराध को अंजाम देने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी प्रशासनिक तैयारियां एक बेहतर प्लानिंग के साथ की जाए। उक्त निर्देश मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व सहित अन्य पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए।




#### निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे कस्बों में भी पर्व- त्योहारों को बहुत उत्साह, उमंग और खुशी के साथ मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी हाल में पर्व-त्योहारों के दौरान बिजली की समस्या उत्पन्न न हो इसकी पूरी तैयारी रखी जाए। निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए विभाग एक बेहतर बैकअप प्लान शीघ्र तैयार करे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आगामी 4 माह विभिन्न पर्व-त्योहारों का समय है, अधिकारी संवेदनशीलता के साथ व्यवस्थाओं को दुरुस्त एवं सुदृढ़ करने पर बल दें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान बिजली कटने के क्रम में कई बार दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति को लेकर बेहतर बैकअप प्लान तैयार रखी जाए।

#### संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि फेस्टिवल के दौरान संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरते। विशेष कर पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गतिविधियों की निगरानी के लिए पूजा पंडालों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाएं जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखें। यदि कोई सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रम फैलाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई करें।

#### साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन पैनी नजर रखे

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि साम्प्रदायिक सौहार्द एवं संवेदनशीलता को देखते हुए असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों पर सख्ती से कार्रवाई करें। अफवाह फैलाने एवं कानून का उल्लंघन करने वाले तत्वों पर चौकसी बरतते हुए उनपर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांति भंग करने वाले शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर प्रशासन पैनी नजर रखे।

## आरपीएफ ने शराब के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने टाटीसिलवे स्टेशन से शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के भोजपुर निवासी ओम नारायण राय और बिहार के पटना निवासी सिराज कुमार शामिल हैं।
एएसआई एके सिंह ने गुरुवार को बताया कि रांची मंडल में आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर शराब की धड़पकड़ के लिए लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में टाटीसिलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर गाड़ी संख्या 18624 हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस के आगमन पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को बैग के साथ कुछ भारी चीज लेकर उक्त ट्रेन मे चढ़ते देखा। संदेह होने पर दोनों को हिरासत में लिया गया और उनके बैग की जांच की गई। जांच के क्रम में शराब की 23 बोतल और 10 केन बियर बरामद की। उन्होंने बताया कि बरामद शराब की कीमत 23 हजार 600 रुपये आंकी गई है। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि उक्त शराब रांची बाजार से खरीदी थी और बिहार में ऊंचे दाम पर बेचने जा रहे थे। मामले में आगे की कार्रवाई के लिए दोनों आरोपितों और जब्त शराब को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया है।

## नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का अतिरिक्त भवन बनाने के लिए डीपीआर कब तक बनेगी : हाई कोर्ट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। गुरुवार को मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीसीएल) से पूछा कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का अतिरिक्त भवन बनाने के लिए डीपीआर कब तक बनेगी? कोर्ट ने राज्य सरकार को इसपर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई सोमवार को होगी।
राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने पैरवी की। खंडपीठ ने झारखंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड से पूछा कि अगर आपको डीपीआर की राशि का भुगतान कर दिया जाता है तो कब तक नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन की डीपीआर तैयार होगी?
पिछली सुनवाई में झारखंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के एमडी कोर्ट में उपस्थित हुए थे। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि कॉरपोरेशन के पास वित्त विभाग की चिट्ठी है जिसके तहत वह किसी भी भवन की डीपीआर बनाने के लिए प्रोजेक्ट की कुल लागत का 10 प्रतिशत राशि चार्ज लेते हैं।
पूर्व की सुनवाई के दौरान सीसीएल, सेल आदि की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके का अतिरिक्त भवन सीएसआर फंड के तहत तैयार करा सकता हं, लेकिन उसे भवन का डीपीआर बनाकर दिया जाए।

## दो पुलिस महकमों के बीच टकराव की शुरुआत असम ने की : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने पुलिस प्रशासन को लेकर अलोकतांत्रिक बातें कही हैं। वे हरमू स्थित झामुमो के कैंप कार्यालय में गुरूवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी राज्य का मुखिया या जिम्मेदार व्यक्ति किसी अन्य राज्य की पुलिस महकमे पर आरोप लगाये, इसका उदाहरण शायद ही इतिहास में मिले। उनहोंने कहा कि आज से दो साल पहले असम में एक घटना घटी थी, उस समय भी बिस्वा सीएम थे। उस समय असम पुलिस का मणिपुर पुलिस के साथ विवाद हो गया। दोनों



ओर से फायरिंग की भी नौबत आ गयी थी। दोनों एक दूसरे के कर्मियों को गिरफ्तार करने लगे थे। दो पुलिस महकमों के बीच इस तरह का टकराव असम ने शुरू किया। सुप्रियो ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के तहत एक सीएम या मंत्री कहीं दूसरे राज्य में जाता है तो इसका पूरा डिटेल तैयार किया जाता है। मंत्री का कब किस स्थान पर कितने देर का कार्यक्रम है, ये सब विभागों के बीच साझा किया जाता है। फिर इसके अनुरूप सुरक्षा की व्यवस्था की जाती है। जब किसी राज्य का सीएम कहीं जाता है तो उसकी पहली सूचना उस राज्य के राज्यपाल के सचिव को दी जाती है। अगर मंत्री की यात्रा होती है तो उस राज्य के सीएम के प्रधान सचिव को इसकी सूचना सबसे पहले दी जाती है। साथ ही पुलिस महकमे के शीर्ष अधिकारियों को दी जाती है। इसमें विशेष शाखा की पुलिस भी आती है। विशेष शाखा की ओर से मंत्री की सुरक्षा के लिए जो पुलिस कर्मी दिया जाते हैं, वो सादे लिबास में रहते हैं। ये सब एक प्रोटोकॉल के तहत होता है। ये पूरे देश में होता है। इसी प्रोटोकॉल के तहत मंत्रियों या अन्य संबंधित व्यक्तियों को सुरक्षा दी जाती है।
जेएमएम नेता ने कहा कि कल राज्य में इस बात की चर्चा रही कि हेमंत सरकार चंपाई सोरेन की जासूसी करा रही है। बीजेपी की ओर से पीसी कर ऐसा आरोप लगाया गया। कल तक चंपाई सोरेन एक मंत्री के रूप में अपने पदभार में थे। वे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भी हैं। जब वे दिल्ली गये तो इसी हैसियत और प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षा प्रदान की गयी। प्रोटोकॉल के अनुसार चंपाई के कार्यक्रम और दिल्ली जाने की सूचना भी संबंधित राज्य और अधिकारियों को पहले दे गयी थी।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर पारंपरिक खेलों का हुआ आयोजन

**रांची :** झारखंड खेल विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरूवार को पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मैराथन दौड़ के साथ हुई। मोरहाबादी मैदान में पुरुष -महिला वर्ग में लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ का आरंभ मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के आदित्य पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि पूर्व हॉकी ओलंपियन मनोहर टोप्नो एवं प्रोजेक्ट पदाधिकारी ऋतुराज ने संयुक्त रूप से किया। दूसरे सत्र का उद्घाटन सुबह साढ़े दस बजे खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निदेशक संदीप कुमार,विशिष्ट अतिथि साझा के संयुक्त सचिव सह संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा एवं विभागीय उपनिदेशक मनीष कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

## सैनिक कल्याण बोर्ड सिर्फ प्रस्ताव तक सीमित न रहे : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में गुरुवार को राजभवन में झारखंड सैनिक कल्याण निदेशालय की 16वीं राज्य प्रबंध समिति की बैठक हुई। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि सैनिक कल्याण बोर्ड प्रस्ताव तक सिर्फ सीमित न रहे, बल्कि अपने कार्यों में तेजी लाए। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी कैंट है, वहां आपस में विभिन्न विषयों पर चर्चा होनी चाहिए तथा वहां की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी जिम्मेदारी तहत कार्य करना चाहिए और सबके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए।
राज्यपाल ने उक्त अवसर पर सैनिक मार्केट में भूतपूर्व सैनिकों को वर्षों पहले आवंटित दुकान



खाली कराने के विषय पर कहा कि जब सभी चीजें सही और अनुकूल चल रही हों, तो अनावश्यक खाली कराने की कार्रवाई क्यों, अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी से वार्ता कर कोई अन्य उपाय निकालना चाहिए, दुकान के किराये में वृद्धि पर उनसे बात कर सकते हैं। इस अवसर पर हजारीबाग में एनसीसी यूआरसी कैंटीन के संचालन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। राज्यपाल ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्देश दिया। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों के मेधावी बच्चे जिनका चयन कमीशंड ऑफिसर में हुआ है, उन्हें आरंभ में 25 हजार रुपये पारितोषिक राशि के रूप में देने की बात हुई। इस दौरान वैसे भूतपूर्व सैनिकों, जिन्हें रोजगार की सख्त आवश्यकता है, को राज्य में मौजूद विभिन्न कम्पनियों में समायोजित करने की बात कही गई। भूतपूर्व सैनिकों को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न लोक उपक्रम इकाई में गार्ड के रूप में भूतपूर्व सैनिकों को डीजीआर के तहत सिक्योरिटी एजेंसी से सेवाएं लिए जाने का आग्रह किया गया। राज्यपाल के समक्ष अंकेक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा सैनिक कल्याण बोर्ड की गतिविधियों से अवगत कराया गया। राज्यपाल के समक्ष वर्षों से बंद पड़े वेलफेयर सिनेमा हॉल को मॉल में बदलने और इसके पार्किंग क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की चर्चा की गई। साथ ही, पूर्व सैनिकों के होल्डिंग टैक्स माफ करने के लिए ध्यान आकृष्ट कराया गया तथा भूतपूर्व सैनिकों को राज्य सरकार के जरिये की जाने वाली नियुक्ति में आरक्षण का लाभ मिले, इस लिए आग्रह किया गया।
बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, प्रधान सचिव, वित्त विभाग मस्तराम मीणा सहित निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड, सहायक निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड, जीओसी 23 इन्फैंट्री डिवीजन, सचिव, भूतपूर्व सैनिक कल्याण, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों सहित कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईओसीएल और सेल ने एडिटिव फ्लूइड विकसित करने के लिए मिलाया हाथ



**रांची :** इंडियन ऑयल कॉपोर्रेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की अनुसंधान इकाई, आरएंडडी सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील (आरडीसीआईएस) ने स्टील प्लांट में गीले क्वेंच्ड कोक की नमी को कम करने के उद्देश्य से एक विशेष एडिटिव फ्लूइड विकसित करने के लिए एक समझौता किया। समझौता ज्ञापन (एमओए) पर सेल के ईडी (आरडीसीआईएस) संदीप कुमार कर और आईओसीएल के ईडी (ल्यूब्स) आर उदय कुमार ने सर्वो मेटल मीट के दौरान हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ आईआईएससीओ स्टील प्लांट, दुर्गापुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, आरडीसीआईएस और आईओसीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। नए एडिटिव फ्लूइड से कोक की नमी कम से कम 2 प्रतिशत कम होने की उम्मीद है, जो स्टील के प्रति टन 4-5 किलोग्राम तक कोक की खपत को कम कर सकता है, जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण लागत बचत और उड2 उत्सर्जन में कमी आएगी। एडिटिव फ्लूइड के संयुक्त विकास पर प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है, उत्पाद का मूल्यांकन आरडीसीआईएस प्रयोगशाला में और बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन में संक्षिप्त परीक्षण के माध्यम से किया गया है। अब सेल के किसी एक प्लांट में विस्तारित औद्योगिक परीक्षण करने की योजना है। आईआईएससीओ स्टील प्लांट ने आरडीसीआईएस परियोजना के तहत उत्पाद का परीक्षण करने की इच्छा व्यक्त की है। सेल के प्लांटों को महत्वपूर्ण तकनीकी-आर्थिक लाभ प्रदान करने के अलावा, एमओए के तहत विकसित उत्पाद भारत और विदेशों में स्टील प्लांटों को इसकी वाणिज्यिक बिक्री से आरडीसीआईएस के लिए रॉयल्टी भी उत्पन्न करेगा।

### श्याम मंदिर में जया एकादशी भक्तिमय वातावरण में मनाया गया



**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को जया एकादशी भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। खाटू नरेश के विशेष दिन एकादशी होने के कारण प्रातः से ही मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा। सुबह 5:00 बजे पट खुलते ही नियमित दर्शन करने वालों का तांता श्री श्याम मंदिर में रहा। ज्ञातव्य हैं की जन्माष्टमी के महास्नान के बाद से ही बाबा श्यामल रूप में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। जया एकादशी का मुख्य कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। अरविंद कुमार सिन्हा माधुरी सिन्हा ने अपने परिवार के साथ खाटूनरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने यजमान को ज्योत दिलाकर बाबा के दरबार में धोक दिलाया। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में सभी भक्तों के लिए प्रसाद की सुंदर व्यवस्था की। महामंत्री के नेतृत्व में प्रसाद वितरण किया जा रहा था। प्रसाद वितरण में उनके साथ संजय सराफ अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार एवं अभिषेक सरावगी ने सहयोग किया। उपमंत्री अनिल नारनौली ने सभी पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। आज के विशेष श्रृंगार की सेवा अमरजीत रंजन अश्विनी रंजन उमंग सागर द्वारा निवेदित थी। गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी मगहीपान सुभाष रौनक पोद्दार एवं मुकेश बरनवाल द्वारा निवेदित की गई थी। अखंड ज्योत प्रज्वलित होते ही मंडल के सदस्यों ने भजनों की गंगा प्रवाह की। भजनों के श्रृंखला में मुख्य रूप से श्रवण ढानढनिया, श्यामसुंदर शर्मा, सलज अग्रवाल, सोनू, गौरव अग्रवाल, मोनू, पंकज गाड़ोदिया, साकेत ढानढनिया, वेदभूषण जैन, दिनेश अग्रवाल, कृष्ण शर्मा, रोशन खेमका, आशुतोष खेतान आदि ने भजन गाए। मुख्य रूप से अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल, मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, सलज अग्रवाल, सोनू, साकेत ढानढनिया, संजय सराफ, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, अभिषेक सरावगी, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, आशुतोष खेतान उपस्थित थे।

### अधिवक्ता गोपी कृष्ण हत्याकांड मामले में एक आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

**रांची :** अधिवक्ता गोपी कृष्ण हत्याकांड मामले में हत्यारों का सहयोग करने वाले फरार आरोपित खेमलाल कालिन्दी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मुड़ला पहाड़ का रहने वाला है। इसके पास से हत्याकांड में प्रयुक्त एक देशी कट्टा, एक गोली और एक खोखा बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो अगस्त को सुखदेवनगर स्थित महुआटोली जेरोक्स दुकान के पास दो अज्ञात अपराधकर्मियों के जरिये अधिवक्ता गोपी कृष्ण की चाकू एवं गोली मार कर हत्या कर दिया गया था। उसके बाद मामले में दोनों अपराधी रोशन मुण्डा और संदीप कालिन्दी को गिरफ्तार किये गया था। दोनों गिरफ्तार अपराधी के जरिये बताया गया कि अधिवक्ता गोपी कृष्णा के हत्या करने के बाद भागने के क्रम में एक देशी कट्टा एवं गोली खेमलाल कालिन्दी (संदीप कालिन्दी का भाई) को छिपाने के लिए दिये थे। और वह दोनों अपराधी को भगाने में भी सहयोग किया था। इसके बाद से ही पुलिस खेमलाल कालिन्दी को खोज रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि खेमलाल कालिन्दी सिमडेगा के केरसाई थाना क्षेत्र के चिनजोर स्थित अपने जीजा के घर में छिपा हुआ है। सूचना के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सिमडेगा में छापेमारी कर खेमलाल कालिन्दी को गिरफ्तार किया। आगे इनसे देशी कट्टा के बारे में पूछताछ करने पर बताये कि हथियार को अपने घर के पास मुडला पहाड़ में छिपा के रखे है। इसके बाद छापामारी टीम ने सिमडेगा से खेमलाल कालिन्दी को लेकर मुड़ला पहाड़ सुखदेवनगर से देशी कट्टा एवं गोली बरामद किया। इस संबंध में सुखदेवनगर थाना में अलग से आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कांग्रेस समाज को जोड़ने की राजनीति करती है तोड़ने की नहीं : केशव

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गुरुवार को संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत लोहरदगा और गुमला जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज आपको यह संकल्प लेना है कि आप दल में सारी गुटबाजों को परे रखकर आगामी चुनाव की तैयारी करेंगे। आपको किसी व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि कांग्रेस का सिपाही बनकर चुनावी रण में उतरना है। आने वाली भावी पीढ़ी को कांग्रेस की नीतियों सिद्धांतों को जानने की जरूरत है कि कांग्रेस समाज को जोड़ने की राजनीति करती है तोड़ने की नहीं। हम उस कांग्रेस के सदस्य हैं जिसका इतिहास शहादतों से भरा पड़ा है, इस गौरवशाली इतिहास को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। जिस तरह से खून पसीने से सींचकर लोहरदगा क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूत बनाया गया है। उसी मेहनत के साथ संगठन हित में काम करना है। जब तक हम पंचायत,प्रखंड बूथ,अध्यक्षों को सम्मान नहीं देंगे। हमारा संगठन मजबूत नहीं हो पाएगा।

# देश में नैतिक पतन जारी है: इसे कैसे रोका जाए?



एल.एस. हरदेनिया

हमारे देश में इस समय महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अनेक अपराधों की खबरें आ रही हैं। महाराष्ट्र में अभी हाल में जो घटना हुई उसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती थी। एक स्कूल की 4 साल की दो बच्चियों के साथ उसी स्कूल में काम करने वाले एक कर्मचारी ने दुष्कर्म किया। उसी महाराष्ट्र में कुछ दिनों बाद एक 7 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना की खबर सामने आई। असम में भी ट्यूशन से घर वापिस आ रही एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। इसके विरोध में असम में पूरे राज्य में प्रदर्शन हुए।

पश्चिम बंगाल और केरल सांस्कृतिक दृष्टि से देश के सर्वोपरि राज्य हैं। दोनों राज्यों को देश के महान संस्कृतकर्मियों ने योगदान दिया है। बंगाल में रवीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा, सुभाषचन्द्र बोस, ज्योति बसु, आदि शामिल हैं। अनेक कवि, सत्यजीत रे समेत अनेक फिल्मकर्मियों ने जन्म लिया है, ऐसे महान राज्य में एक महिला डाक्टर के साथ जो कुछ हुआ वह बंगाल के चेहरे पर कालिख है। इस महिला डाक्टर के साथ न सिर्फ दुष्कर्म किया गया वरन् उसकी हत्या भी की गई। घटना के बाद जो तथ्य सामने आ रहे हैं उनसे लगता है कि वह अनेक गुप्त बातों की जानकार थी जो मेडिकल प्रोफेशन में नहीं होना थी। वह इन बातों को उजागर करे उसके पहले ही उसकी हत्या कर दी गई।

केरल देश का संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि क्षेत्रों में देश का ही नहीं वरन् दुनिया में भी सर्वोपरि है। अभी हाल में जाहिर किए गए आंकड़े से पता लगा है कि एक लाख में से 19 माताएँ या तो बच्चे के जन्म देने के तुरंत बाद या गर्भावस्था के दौरान मर जाती हैं। यह आँकड़ा अमरीका से भी आगे है। उसके विपरीत उत्तरप्रदेश में 1 लाख में से 167, मध्यप्रदेश में 173 असम में 195 महिलाएँ मृत्यु को प्राप्त होती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 100 प्रतिशत आबादी शिक्षित हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी इसी तरह पूरे देश में वह सर्वोच्च शिखर पर है। ऐसे प्रदेश में वहां के फिल्म जगत में काम करने वाली महिलाओं ने अपने साथ दुष्कर्म की शिकायत की। उनकी शिकायत के चलते वहां की सरकार ने एक अवकाश प्राप्त हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया। इस आयोग ने वहां की सुप्रसिद्ध अभिनेत्रियों की शिकायत को सुना और यह आयोग इस नतीजे पर पहुंचा कि वहां की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों की शिकायत सही है। इस आयोग की रिपोर्ट 2019 में मुख्यमंत्री को भेजी गई। परंतु किन्हीं कारणों से मुख्यमंत्री ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया। इस बीच उन पर दबाव बढ़ता रहा और इस माह में रिपोर्ट सार्वजनिक की गई। रिपोर्ट सार्वजनिक करने में इतनी देर क्यों हुई इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अनेक प्रकार के स्पष्टीकरण दिये हैं जिनमें एक स्पष्टकीरण के अनुसार उनका कहना था कि देरी के लिए आयोग के अध्यक्ष ने स्वयं रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने का सुझाव दिया था।

कारण जो भी हो परंतु मलियालम में बनी फिल्में अद्भुत समझी जाती हैं। इन फिल्मों को बनाने में जिन अभिनेत्रियों का योगदान रहता है उनके साथ इस तरह का व्यवहार केरल को शर्मसार करने वाली घटना है।




हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारतवर्ष शीघ्र ही विश्वगुरू बनेगा। परंतु जो विश्वगुरू बनने वाला है उसके 150 सांसदों एवं विधायकों के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इन मामलों में कुछ दुष्कर्म के भी मामले हैं। जिस देश के 150 जनप्रतिनिधि अपराधों में शामिल हों वह कैसे विश्वगुरू बन पायेगा।

हमारे देश में इस समय महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अनेक अपराधों की खबरें आ रही हैं। महाराष्ट्र में अभी हाल में जो घटना हुई उसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती थी। एक स्कूल की 4 साल की दो बच्चियों के साथ उसी स्कूल में काम करने वाले एक कर्मचारी ने दुष्कर्म किया। उसी महाराष्ट्र में कुछ दिनों बाद एक 7 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना की खबर सामने आई। असम में भी ट्यूशन से घर वापिस आ रही एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। इसके विरोध में असम में पूरे राज्य में प्रदर्शन हुए। परंतु इस घटना को लेकर वहां के मुख्यमंत्री ने जो प्रतिक्रिया जाहिर की वह चैंकाने वाली है। इस बच्ची के साथ अपराध करने वाला व्यक्ति अल्पसंख्यक पाया गया। इस बात का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में यहां के मूल निवासी अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं। शायद उनका किसकी ओर है यह वही बता सकते हैं।

समाज में आए दिन सभी रिश्तों को तोड़ते हुए घटनाएं हो रही हैं। एक समाचार के अनुसार एक पत्नी ने अपने बेटे के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। हत्या में तकिये का उपयोग किया गया। हत्या इसलिए की गई क्योंकि अपने पति की इस दूसरी पत्नि की निगाह अपने पति के रिटायर होने पर मिली भारी रकम पर नजर थी। उसको डर था कि उसका पति उनकी पहली पत्नि की संतानों को रकम का भारी हिस्सा दे देंगे। ऐसी स्थिति पैदा हो इसके पहले ही उसने अपने पति की हत्या कर दी। जिस पत्नि ने हत्या की वह स्वयं अपने पहले पति को तलाक देकर दूसरी शादी की थी।

एक और मामले में एक पति ने अपनी पत्नि की हत्या कर-के स्वयं थाने को सूचित कर दिया कि उसने अपनी पत्नि की हत्या की है। कारण उसे अपनी पत्नि के चरित्र पर संदेह था। इस तरह की घटनाएँ आएदिन हो रही हैं। पति-पत्नि का रिश्ता अत्यधिक विश्वास का रिश्ता होता है। परंतु उसमें भी कभी भी खटाई पड़ जाती है और हत्या के समान जघन्य अपराध हो जाते हैं। एक अखबार में खबर छपी है कि कुछ लोग महिलाओं के या बच्चियों के साथ दुष्कर्म का वीडियो बनाते हैं और फिर उस वीडियो को भारी कीमत पर बेचते हैं। इस अखबार के अनुसार यह एक बड़ा धंधा हो गया है। इसलिए इस तरह की खबरे पढ़ने को मिलती हैं कि महिला या बच्ची अपने को दुष्कर्म से मुक्त करने के लिए अपील करती हैं परंतु उसे बचाने के स्थान पर लोग उसका वीडियो बनाने में लगे रहते हैं। इस तरह की घटनाएं ही इस बात का सबूत है कि इंसान की संवेदनशीलता को क्या हो गया है? हम लाखों की संख्या में प्रवचन सुनने जाते हैं परंतु उस प्रवचन से हमारी आत्मा पर क्या असर हुआ यह ज्ञात नहीं होता है।

अभी हाल में महाराष्ट्र में एक हिन्दू संत ने इस्लाम के पैगंबर के खिलाफ अपमानजनक बातें की। उसकी प्रतिक्रिया में मध्यप्रदेश के छतरपुर नाम के स्थान पर मुसलमानों ने रोष प्रकट किया। थाने का घेराव किया और पुलिसकर्मियों को घायल किया। इस घटना के विरोध में पुलिस और प्रशासन ने सख्त कार्यवाही की। कार्यवाही के फलस्वरूप एक धनी मुस्लिम के मकान को नेस्तनाबूद कर दिया गया। न सिर्फ मकान को नेस्तनाबूद किया बल्कि जो वाहन वहां थे उनको भी तोड़ डाला। क्या वाहन भी प्रदर्शन में शामिल थे? फिर मकान को नेस्तनाबूद करने के पहले इस बात की भी जानकारी नहीं ली गई उसकी कानूनी स्थिति क्या है। यह भी बताया गया कि इस विशाल मकान के भीतर जो मूल्यवान वस्तुएं थीं जैसे गहने, टीवी, फ्रिज उनका क्या हुआ। यदि मकान गैरकानूनी था तो जब वह बन रहा था तब उसका निर्माण क्यों नहीं रोका गया। इस तरह की घटनाएं मध्यप्रदेश के और स्थानों पर भी हुई हैं और उत्तरप्रदेश में तो बड़े पैमाने पर हो रही हैं।

ऐसी घटनाओं के बारे में क्या रवैया अपनाया जाए यह कहना मुश्किल है क्योंकि उसके पीछे बड़े-बड़े प्रभावशाली व्यक्तियों का हाथ है ऐसा आरोप लगाया जाता है। कुल मिलाकर समाज में चाहे महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो या अन्य अपराध हों लगभग कानून अपने हाथ में लिया जा रहा है। इनको रोकने के लिए क्या किया जा सकता है? यह एक विचारणीय प्रश्न है?

इस समय बुलडोजर ऐसे मकान पर भी चला दिया जाता है जिसमें रहने वाले परिवार के केवल एक सदस्य ने अपराध किया हो। एक व्यक्ति द्वारा किए गए अपराध की सजा पूरे परिवार को क्यों दी जाती है? फिर हमारे देश के कानून के अनुसार अपराधी को सजा देने का अधिकार न्यायपालिका का है न कि पुलिस का। परन्तु आये दिन बुलडोजर चलाकर सजा पुलिस वाले दे रहे हैं जो सरासर गैरकानूनी है।

## संपादकीय

### जल्द हो फैसला

बंबई हाई कोर्ट ने कहा है कि अगर निचली अदालतें अग्रिम जमानत पर त्वरित फैसला नहीं लेती तो सारा बोझ हाई कोर्ट पर आ जाता है। एकल पीठ ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता वामन म्हात्रे की अग्रिम जमानत याचिका पर शीघ्र निर्णय न लेने पर ठाणे की कल्याण स्थित निचली अदालत से अप्रसन्नता जाहिर करते हुए यह टिप्पणी की। बीते हफ्ते म्हात्रे पर बदलापुर में हुए दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ हुए प्रदर्शनों में महिला पत्रकार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सत्र अदालत उसकी याचिका पर सुनवाई स्थगित कर रही है। अदालत ने कहा कि जब याचिका किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित है तो आदर्श रूप से अदालत को कम से कम अंतरिम सुरक्षा का अनुरोध करने वाले आवेदन पर विचार करना चाहिए। अदालत ने नागरिक की स्वतंत्रता के लिए गिरफ्तारी से पहले ही जमानत के लिए आवेदन स्वाकरने या अंतरिम सुरक्षा प्रदान करने का फैसला जल्द लेने का भी सुझाव दिया। चूंकि खासकर इस मामले में याचिकाकर्ता पर ऐसा गंभीर आरोप नहीं है, न ही वह अपराधी है, जिसे फौरन जमानत न दी जाए। हालांकि राजनीतिज्ञों के मसले में आम तौर पर अदालतें फौरी तौर पर बीच का कोई मार्ग ले लेती हैं। महिला के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी माफी योग्य अपराध नहीं है। बच्चियों के यौन शोषण को लेकर जनता में भी भारी आक्रोश है। राजनेताओं से जितनी समझदारी की उम्मीद की जाती है, उसमें वे विफल होते हुए कई दफा नजर आते हैं। वे उस जनता के भी नुमाइंदे हैं, जो पीड़िता है और जो प्रदर्शन कर रही है। उन्हें सार्वजनिक तौर पर शालीनता भरा बर्ताव करना चाहिए। सत्र अदालत टिप्पणीकर्ता को सख्त हिदायतों के साथ जमानत दी जा सकती थी परंतु कई दफा ऐसे गंभीर और चर्चित मामलों में नेताओं के साथ बरती जाने वाली नरमियत को लेकर आमजन नाराजगी भी व्यक्त करते हैं। यह कहना गलत न होगा कि हो सकता है अदालत इस विवाद से बचना चाहती हो। रही बात ऊपरी अदालतों के बोझ की तो कई बार सबसे बड़ी अदालत भी उच्च न्यायालयों को मामले को अपने स्तर पर ही निपटाने संबंधित हिदायतें देती रही है। व्यक्ति की स्तंत्रता महत्त्वपूर्ण है परंतु जब वह शासन में है, तो उसकी पहुंच का भी ख्याल रखा जाना अनुचित नहीं कहा जा सकता। दरअसल, निचली अदालतों की इस मामले में महती जिम्मेदारी है, जिसका निभाह होना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### कर्त्तव्य को बनाएं सर्वोपरि लक्ष्य

अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा- 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला-रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक-हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था। महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया। ये दो उदाहरण हैं - हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। वह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद-प्रतिष्ठा और सुख-सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है। वह संस्कृति सफल होती है जो कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्तियों को जन्म देती है। वह शताब्दी सफल होती है, जो कर्त्तव्य की धारा को सतत प्रवाही बनाकर जन-जन तक पहुंचाती है। वह परंपरा सफल होती है, जो कर्त्तव्य का बोध देती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूजा-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान और सुख-सुविधा की अर्थहीन चिंता छोड़कर व्यक्ति अपने जीवन को कर्त्तव्य के लिए समर्पित कर दे।

# आपदा के जख्म : समेज त्रासदी एक दुखान्त



नरेंद्र भारती



बेहरम आपदा समेज गाँव के लोगों को बहुत ही गहरे व अमिट जख्म दे गई 31जुलाई की मनहूस रात ने समेज गाँव को तहस नहस कर दिया जख्म नासूर बन गए हैं जो ताउम्र नहीं भर सकते ऐसी त्रासदी में खोये अपनों की याद पल पल आती रहेगी चंद सेकेण्ड में अपनों को छीन लिया समेज गाँव का नामोनिशान मिट गया केवल मात्र दो घर बचे हैं आशियाने बह गए। 23 लोग अभी लापता हैं प्रशासन ने सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया है 13 अभागों की क्षत विक्षत लाशें ही मिल सकी हैं। बरसात का सैलाब 23 लोगों को पता नहीं कहाँ बहाकर ले गया ऐसी त्रासदी बहुत ही खौफनाक थी जो समेज गाँव के लिए काल बनकर आई और तबाही का ऐसा मंजर किया की सब कुछ छीन लिया। छोटे छोटे बच्चे भी बह गए नहने फूल मुरझा गए। समेज गाँव के लोगों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा की यह बेरहम बरसात इतना गहरा दर्द देगी जो ताउम्र सहना पड़ेगा। सर्च ऑपरेशन काफी दिनों तक चलता रहा। समेज गाँव श्मशान बन गया गाँव के 36 लोगों का काल का ग्रास बन जाना बहुत ही दुखद है आत्मा सिहर उठती है। समेज गाँव स्वर्ग था कुदरत ने नरक बना दिया। प्रकृति की गोद में बसा समेज गाँव में कभी खुशियों से गुलजार था बच्चों की किलकारियां गूंजती थी लेकिन अब सुनसान व वीरान हो चूका गाँव मलबे मे तब्दील हो चूका है अब वीरान बन चूका है। अपने बिछड़ चुके हैं समेज गाँव का नामोनिशान मिट चूका है मकान जमींदोज हो चुके हैं चारों तरफ मलबा बिखरा हुआ है चारों तरफ चीत्कार मचा हुआ है लोग बदहवास हैं गाँव गमगीन है हर आँख नम है,अपनों का गम है अपनों को खो चुके लोगों की आँखे पथरा गई हैं समेज गाँव के लोग जुलाई की स्याह रात कभी नहीं भूल पाएंगे ऐसी रात सदियों तक याद रहेगी बच्चे छीन लिए माँ बाप छीन लिए बेकसूर लोगों को चंद सेकेण्ड में सुला दिया ताउम्र अपनों की याद आती रहेगी आत्मा सिंहर उठती है गाँव के लोगों का एक साथ काल का ग्रास बन जाना बहुत बड़ी त्रासदी है रोंगटे खड़े हो जाते है कैसे यह प्रलय हुआ होगा आसूंओं का सैलाब निर्बाध बह रहा है असहनीय व दर्दनाक पीड़ा से जूझ रहे हैं, आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं भूखे प्यासे लोग अपनों को ढूंढ रहे हैं रो -रो कर आँखो का पानी सूख चुका है आँखों में सूजन हो गई है दिन रात एक आशा है की कब उनके अपने मिल जाएँ जो मलबे में दफन हो चुके हैं मीलों दूर बह चुके हैं एक एक दिन युग लग रहा है। तबाही का ऐसा मंजर लाशों का अंबार लगा गया सैलाब में बह चुके लोगों के शव मिल रहे हैं जो क्षत विक्षत हो चुके हैं। प्रकृति ने तबाही की ऐसी इबारत लिखी है की सब कुछ तबाह हो गया जीवन पटरी से उत्तर गया है। कुदरत ने ऐसा मंजर दिखाया है की उबरने मे कई साल लग जायेंगे पल भर मे आँखो के सामने सब कुछ बह गया। कुदरत ने जरा भी रहम नहीं किया बेरहम हो गई और गाँव का हर आँगन सूना कर दिया,गाँव की गलियों को बीरान कर दिया पूरे गाँव को श्मशान बना दिया है किसी की नहीं बक्शा बच्चों से लेकर बुजुर्गो व महिलाओं को पल भर मे मौत की नींद सुला दिया। कुदरत ने ऐसी लीला रची है की आने वाली सात पीढ़ीयां भी नहीं भूल सकती। त्रासदी में घर के चिराग बुझ गए माताओं व बहनों के सुहाग उजड़ गए बहनों ने अपने भाई खो दिए हैं। कुदरत अब बहुत हीं तांडव कर रही है और लाशों का अंबार लगा रही है। प्रशासन दिन रात सर्च ऑपरेशन कर रहा था। जान जोखिम में डाल कर सुरक्षा टीमें शवों को खोज रही थी जब तक समेज गाँव के सभी लोग नहीं मिल जाते तब तक ऑपरेशन जारी रखना चाहिए हर आदमी अपनी भूमिका निभा रहा है सामाजिक संस्थाएं भी सहयोग कर रही हैं। कुछ शव मिल चुके हैं शव मीलों दूर बह चुके हैं। कुदरत ने बहुत गहरे जख्म दे दिए जिन्हे भरने में बहुत समय लगेगा। अपनों की याद ताउम्र सालती रहेगी। आपदा के जख्म रिसते रहेंगे समेज त्रासदी एक दुखान्त बन गई ऐसे दुःख का अंत नहीं होगा ताउम्र याद आती रहेगी। दुखों का यह अंतहीन सिलसिला जीवन भर सहना पड़ेगा।

# मप्र में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार में क्षेत्रीय उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका

कृष्णमोहन झा



डॉ मोहन यादव के पास मुख्यमंत्री पद की बागडोर आने के बाद महाकाल की नगरी उज्जैन से क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलनों की जिस श्रृंखला का शुभारंभ हुआ उसकी तीसरी कड़ी के रूप में गत दिवस ग्वालियर में संपन्न क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन ने सफलता के नये आयाम स्थापित किए । राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित इस महत्वपूर्ण आयोजन में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जा रहे क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलनों के परिणामों प्रदेश में औद्योगिक विकास और रोजगार निर्माण की नई संभावनाओं को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार निवेशकों और उद्योगपतियों के भरोसे की कसौटी पर खरी उतरने के लिए प्रतिबद्ध है । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक ओर उद्योगपतियों से मध्यप्रदेश में अपनी गतिविधियों को विस्तार देने की अपील की वहीं दूसरी ओर युवाओं को राज्य में उद्यम प्रारंभ करने के लिए सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग देने का भरोसा भी दिलाया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को विस्तार देने के लिए उनकी सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों और व्यवस्थाओं को उद्योगपतियों और निवेशकों का भरोसा जीतने में सफलता मिली है। क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलनों की इस श्रृंखला की अगली दो कड़ियों के रूप में अगले माहों में रीवा और सागर में क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलनों के आयोजन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। ग्वालियर में संपन्न इस क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन को अत्यंत सफल माना जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार के निमंत्रण पर सम्मेलन में पधारे उद्योगपतियों से राज्य में निवेश करने के लिए 8000 करोड़ के प्रस्ताव मिले जिनमें अदाणी का 3500 करोड़ का निवेश प्रस्ताव शामिल है। इसके अतिरिक्त रिलायंस की राज्य में नवीकरणीय गैस और संपीडित बायो गैस परियोजनाओं में निवेश करने की योजना है। मध्यप्रदेश में स्थापित होने वाले उद्योगों में लगभग 35000 युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन होने के बाद डॉ मोहन यादव ने राज्य के द्रुतगामी औद्योगिक विकास का जो संकल्प व्यक्त किया था उसकी पूर्ति के लिए उन्होंने पिछले आठ माहों में प्रभावी कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री की इच्छा शक्ति और अथक परिश्रम ने इसमें सोने में सुगंध की कहावत को चरितार्थ कर दी है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों देश के शीर्ष उद्योगपतियों से जो बैठकें की हैं उसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।यह इस बात का भी परिचायक है कि उद्योगपतियों का भरोसा जीतने में मुख्यमंत्री को निरंतर सफलता मिल रही है। उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में संपन्न क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलनों में शिरकत करने पहुंचे उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश में प्रचुर मात्रा में नये औद्योगिक निवेश की संभावनाओं को बलवती बना दिया है। मुख्यमंत्री का मानना है कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मध्यप्रदेश भौगोलिक दृष्टि से औद्योगिक निवेश के लिए पूरी तरह अनुकूल है। यहां बेहतर रोड और रेल कनेक्टिविटी के साथ ही पर्याप्त कुशल मानव संसाधन उपलब्ध हैं। विगत दिनों देवास में आयोजित अखिल भारतीय उद्योग सम्मेलन में उन्होंने देश के बड़े उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए यहां उन्हें हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के औद्योगिक में महिला शक्ति के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि औद्योगिक जगत में महिला शक्ति ने अपने परिश्रम से नयी दिशा प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने इस सम्मेलन में मौजूद सभी उद्योगपतियों से अनुरोध किया कि वे कम से कम पांच युवाओं को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षित करें। मुख्यमंत्री ने विभिन्न मंचों से इस बात को बार बार दुहराया है कि उनकी सरकार मध्यप्रदेश को औद्योगिक विकास दर के मामले में देश के सभी राज्यों में अग्रणी स्थान पर लाने के लिए काम कर रही हैं और इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों में उसे निरंतर सफलता मिल रही है । मुख्यमंत्री मोहन यादव की पहल पर मध्यप्रदेश में एक सुखद औद्योगिक वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से राज्य में रीजनल इंडस्ट्रियल कान्क्लेव का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। उज्जैन और जबलपुर में हुए कान्क्लेव बेहद सफल रहे हैं और अब हाल में ही ग्वालियर में संपन्न कान्क्लेव भी बेहद सफल रही है। अगली कान्क्लेव के लिए रीवा का चयन किया गया है जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।में भी । इसमें दो राय नहीं हो सकती कि भोपाल में अगले साल फरवरी में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की पृष्ठभूमि तैयार करने में इन सभी रीजनल इंडस्ट्रियल कान्क्लेव की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वर्ष 2025 को मध्यप्रदेश में उद्योग वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है। मध्यप्रदेश के इतिहास में किसी वर्ष को उद्योग वर्ष के रूप में मनाए जाने का संभवतः यह पहला अवसर होगा । मोहन यादव सरकार की यह योजना राज्य में नये औद्योगिक वातावरण के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगी। मध्यप्रदेश की औद्योगिक प्रगति में तेजी लाने की मंशा से ही राज्य के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने गत जुलाई में विधानसभा में पेश बजट में उद्योग क्षेत्र के 4190 करोड़ रुपए की राशि आवंटित करने का प्रस्ताव रखा था। यह राशि राज्य के पिछले वर्ष के बजट में इसी मद में आवंटित राशि से लगभग 40 प्रतिशत अधिक है।

# पश्चिम सिंहभूम में 30 से लगेगा आपकी योजना-आपकी सरकार शिविर




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को डीसी कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आयोजित हो रहे आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गई। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार का शिविर पंचायत स्तर पर लगाई जाएगी। बैठक में डीसी ने कहा कि उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान व्यक्तिगत योजनाओं को प्रतिपूर्णता मोड में लागू कर प्रत्येक अर्हता प्राप्त व्यक्तियों को योजना के लाभ से आच्छादित करना है.बैठक में उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष मुख्य प्रक्षेत्र के तहत झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सहित जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त करना है. इसके अलावा वैसी योजनाएं जिन्हें राज्य सरकार प्रतिपूर्णता मोड में लागू करने के लिए संकल्पित है, जैसे- सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, आयुष्मान कार्ड का वितरण, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा आदि के लिए भी छूटे हुए व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित कर शिविर में ही लाभुकों के बीच योजनाओं से संबंधित लाभ/परिसंपत्तियों का वितरण होना है। ऑन द स्पॉट निवारण/समाधान में राजस्व अभिलेखों में संशोधन/परिमार्जन, आय/जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में यथावश्यक संशोधन, आधार-राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, सहायक समाहर्ता अर्णव मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो माझी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनीला खलको, जिला कल्याण पदाधिकारी गोपी उरांव, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा कुमार हर्ष, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग खुशेंद्र सोनकेशरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल सहित सलंग्न जिलास्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कार्यपालक अभियंता-पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल/विद्युत प्रमंडल, कार्यपालक पदाधिकारी-नगरपरिषद व अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### पशुपालन विभागीय एआई कर्मचारी संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**पटमदा :** झारखंड पशुपालन विभागीय एआई कर्मचारी संघ झारखंड प्रदेश कमिटी द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष किशोर कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमे चार सूत्री मांग शामिल हैं। एआई कर्मचारी का न्यूनतम मजदूरी के दर पर मानदेय निर्धारित किया जाए एवम 2019 से बकाया राशि भुगतान किया जाए। पशुपालन विभाग में कार्यरत एआई कर्मचारी की नियमावली तैयार कर वरीयता सूची निर्गत किया जाए। पशुपालन विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के रिक्त पदों पर एआई कर्मचारी को वरीयता के आधार पर नियमित किया जाए।वर्तमान मानदेय राशि एवम प्रोत्साहन राशि , देय बीमा राशि को ससमय भुगतान की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष किशोर कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष शुभाशीष दास, सुरेश मिश्रा, मुकेश ठाकुर, तिरुपति,कन्हैया सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### सड़क निर्माण में मनमानी ढंग से काम की शिकायत



**साहिबगंज :** जिला के तालझारी प्रखंड क्षेत्र के तालझारी पंचायत अंतर्गत मुख्य सड़क के बेलदारचक चौक के मोड़ से हरिणकोल गांव तक सड़क निर्माण और साथ-साथ सड़क चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा मनमानी ढंग से काम को अंजाम दिया जा रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जिससे यह रोड बहुत जल्द खराब हो जाएगा इससे लोगों को लम्बे समय तक लाभ नहीं मिल पाएगा साथ ही निर्माण स्थल पर योजना का कोई बोर्ड भी नहीं लगा हुआ है। कई बार इस योजना का सवाल उठाया गया परंतु ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए अपने कार्य में कोई सुधार नहीं लाया और वह अपना वर्चस्व दिखाते हुए अपना कार्य चालू रखा। जबकि नियमावली में स्पष्ट लिखा है कि बिना बोर्ड का सरकारी योजना का कार्य नहीं कर सकते हैं। सड़क निर्माण कार्य करीब बीस-पचीस दिन से चल रहा है लेकिन संवेदक ने अबतक निर्माण कार्य किस योजना या कितने लागत से कराया जा रहा है इसका उल्लेख कार्य स्थल पर नहीं किया गया है जबकि इसकी सूचना कार्य स्थल पर प्राक्कलन राशि बोर्ड के माध्यम से करनी है।

### मारपीट में दो लोग हुए घायल, जिरवाबाड़ी पुलिस से की शिकायत

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के गोपालचौकी मदनशाही निवासी मुनिया खातून पति शमसुद्दीन का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था तभी समीर अंसारी के पुत्र मुन्ना खातून ने उसके पुत्र के साथ मारपीट करने लगा। वही मुनिया खातून ने जब मारपीट करने की शिकायत लेकर समीर से पूछने गई कि उसके बेटे को क्यों मारा है तभी हारून, समीर अंसारी, सबीला खातून, सकरुन खातून व अन्य लोगों ने मिलकर मुनिया खातून व शमसुद्दीन के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं शमसुद्दीन ने इसकी शिकायत जिरवाबाड़ी पुलिस से की है। उधर जिरवाबाड़ी पुलिस ने दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया।
वहीं पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने आगामी 30 अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। आगे उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम है जहां सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ अहर्ता पूर्ण करने वाले लोगों तक पहुंचाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उधर कार्यक्रम के आयोजन एवं प्राप्त आवेदनों, मामलों के निष्पादन में किसी भी तरह की कोई लापरवाही किसी भी स्तर से नहीं हो, इसे सभी को सुनिश्चित करना है। वही उन्होंने सभी प्रखंडो में कार्यक्रम को लेकर तिथिवार पंचायत शिविर की सूची के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा कि जिला एवं राज्य स्तर से सीधे कार्यक्रम की निगरानी होगी। वहीं कार्यक्रम को लेकर प्रखंड से पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गए। वही उपायुक्त ने कार्यक्रम को लेकर राज्य से प्राप्त दिशा निर्देश से सभी वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया जहां उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं संबंधित योजना का आवेदन आमजनों से प्राप्त करना है ।

## बालू लदे हाइवा ने बेटा की ली जान पिता व बेटी गंभीर रूप से घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के तिरूलडीह मिलन चौक सड़क पर सोड़ो मोड़ के पास एक ओवर लोड बालू लदे हाइवा एक बाइक सवार को रौंदा, जिससे बंगाल के बाघमुंडी थाना के सींदरी निवासी बाइक सवार 12 वर्षीय सुनील महतो की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं मृतक के पिता सपन महतो व 9 वर्षीय बेटी पद्मा महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को मिलन चौक स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु सिल्ली के सिंहपुर नर्सिंग होम भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोनाहातु थाना क्षेत्र के गाड़ाडीह से अपना घर सींदरी जा रहा था, तभी सोड़ो मोड़ के पास एच एल एम इन्टरप्राइजेज का अनियंत्रित ओवर लोड 16 चक्का हाइबा सीधा बाइक को कुचल दिया। सुचना मिलते ही ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे व तिरूलडीह थाना प्रभारी आलम चांद महतो, चौका थाना प्रभारी बंजर महतो दलवल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उग्र ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते रहे। दो घंटे के बाद डीएसपी सुनील कुमार रजवार भी दलवल के साथ घटनास्थल पहुंचे। वाद में एसडीएम शुभ्रा रानी भी घटनास्थल पर पहुंचे व लोगों को समझाने में जुटे।करीब 7 घंटों तक उग्र ग्रामीणों ने सड़क पर हंगामा करते हुए एच एल एम इन्टरप्राइजेज द्वारा 16 चक्का हाइबा में प्रशासन के मिली भगत से ओवर लोड बालू संचालन को बंद कराने ,मृतक के परिजनों को मुआवजा देने ,अवैध बालू को रोकने आदि का मांग कर रहे थे। 7 घंटे के बाद भी वार्ता विफल रहा। पुलिस की टीम पहुंचते ही प्रशासन और एल एल एम इन्टरप्राइजेज के खिलाफ आक्रोशित लोगों ने नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे।

## जनसंपर्क कर सुनी आम जनों की समस्याएं, जल्द होगा समाधान : बरकत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** पंचायत अंतर्गत दरियापुर पंचायत के कांकजोल ग्राम में कांग्रेस कोर कमेटी के सदस्यों मोरसलीम खान, प्रखण्ड अध्यक्ष रणजीत टुडू, हजरत अली, अहदक हुसैन के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ जन संवाद का आयोजन पंचायत अध्यक्ष कौसर अली की अध्यक्षता में किया गया। जन संवाद कार्यक्रम में ज़िला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष अशोक दास, रैसुल आलम, काजल, अतिकुर इसलाम, इमरान अली मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ज़िला अध्यक्ष बरकत खान ने अपने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड की गठबन्धन सरकार ने कम समय में झारखंडवासियो के लिए एक दो नहीं बल्कि अनेकों जन उपयोगी योजनाऐ धरातल पर लाने का काम किया है, जिसका लाभ सभी को मिल रहा है। झारखंड प्रदेश में काफी दिनों तक भाजपा का शासन रहा लेकिन महिलाओं के लिए कोई जनउपयोगी योजना नहीं दिया, जबकि गठबंधन सरकार ने महिलाओं के लिए फूलो झानो आशीर्वाद, सावित्री बाई फुले,मैया मुख्यमंत्री सम्मान योजना के अलावा 50 वर्ष की सभी महिलाओं को पेंशन देने का काम किया। जो महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने में काफी सहायक सिद्ध होगा। बरकत खान ने कहा कि कांग्रेस के टिकट को लेकर भ्रामक दुष्प्रचार करने वाले सावधान हो जाएं, कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा की पार्टी है जो संगठन से चलती है, कांग्रेस का टिकट अलमगीर आलम को ही मिलेगा। बैठक को अशोक दास, मोरसलिम खान, रणजीत टुडू आदि ने भी संबोधित किया।

## 20 सूत्री अध्यक्ष ने दरबार लगाकर सुनी आम जनों की समस्याएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित 20 सूत्री कार्यालय में प्रत्येक बृहस्पतिवार की तरह प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक ल्श कुमार दास ने सनी लोगों की समस्या।
ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से अपने-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे भी 20 सूत्री कार्यालय में जहां पर 20 सूत्री अध्यक्ष ने सूनी उनकी समस्या। कालू पंचायत से रमेश रमानी अबूवा आवास योजना संबंधित, घाट मोहब्बतपुर से मजहरूल सेख थाना से संबंधित, घाट मोहब्बतपुर से मैया सम्मान योजना संबंधित, सीमा खातून ,साहेबा खातून रजिया खातून, घाट मोहब्बतपुर से आमिर हम्जा स्टेट बैंक की समस्या से संबंधित, मयूरकोला से दिनेश साहा मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित समस्या को लेकर पहुंचे 20 सूत्री कार्यालय जहां पर 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने संबंधित पदाधिकारी से कुछ समस्याओं को ऑन द स्पॉट निदान करवाया और कुछ समस्याओं को जल्द से जल्द निदान करने को कहा ।

# मंईयां सम्मान योजना के नाम पर जनता को ठग रही सरकार : सहिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** आजसू जिला समिति की बैठक बृहस्पतिवार को गोलमुरी में हुई। जिसमें कांग्रेस, झामुमो समेत अन्य दलों के कई लोग आजसू पार्टी में शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता गोलमुरी मंडल उमाशंकर सिंह ने की। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस मौजूद थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य के युवा बेरोजगार है और सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है। सरकार के नीति सिद्धांत लोगों को ठगने और लूटने का काम कर रहा है। कहा कि आजसू पार्टी का सपना है महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिले। क्योंकि सुदेश महतो ने यह करके दिखाया है। आजसू पार्टी की देन है कि इस राज्य की महिलाएं घूंघट और चौखट से बाहर निकल कर जिला मुख्यालय से लेकर पंचायत तक का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

**झारखंड को झामुमो व देश को कांग्रेस ने लूटा**

जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि राज्य को सबसे ज्यादा लूटने का कार्य झामुमो और देश को लूटने का कार्य कांग्रेस ने किया है। जबकि देश को संवारने और संरक्षित रखने का कार्य सिर्फ भाजपा के नेतृत्व में एनडीए करती है। कार्यक्रम को पार्टी के अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। मौके पर चंद्रगुप्त सिंह, डोमन टुडू, अशोक मंडल, संजय सिंह, अप्पू तिवारी, लालन झा, श्रवण सिंह सरदार, शकील सिद्धकी, संतोष सिंह, बबिता सिंह, लक्ष्मी देवी, सरस्वती देवी, निरंजन महतो, प्रवीन प्रसाद, हेमंत पाठक, सैकत सरकार, देवाशीस चौधरी, कामेश्वर प्रसाद, सुधीर सिंह, नीरज सिंह, समेत अन्य मौजूद रहे। **इन्होंने ली आजसू पार्टी की सदस्यता**

कांग्रेस पार्टी के पिंटू कुमार, शिवा, धर्मेंद्र जयसवाल, अशोक कुमार, बिक्की, लालबाबू, राजू कुमार सिंह, विकास सिंह, रौकी, अखिलेश कुमार, लालू, अमर, रवि, राहुल, विकास, विनय सिंह, सौरभ कुमार, दिव्य कुमार, मिंटू, बंटी, दिलदार, सोनू, इकबाल, तिलक महतो, सुजीत कुमार, विशाल, नीरज, कर्ण, विजय दिशांत, आशीष, इब्राहिम खान, कृपाल सिंह, नागेंद्र कुमार समेत अन्य, झामुमो महिला मोर्चा की कविता देवी, शिमला देवी, अनिता देवी, दुर्गा देवी, सीमा देवी, कुनी देवी, सरस्वती देवी, गंगा देवी, सुनीत देवी, बिजौला देवी, सोमवारी देवी, अष्टमी देवी, भानु देवी, नेहा कुमारी, कुंती देवी, शंकुतला देवी, अनुष्का देवी, नियासा कुमारी, कोमल कुमारी समेत अन्य महिलाएं आजसू पार्टी में शामिल हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### डीडीसी ने कलाई बीज का किया वितरण



**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड में डीडीसी सतीश चंद्रा गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में कलाई बीज का वितरण किया। इस दौरान डीडीसी ने 50 लाभुकों को बीज वितरण कर लाभान्वित किया। कहा की कलाई बीज कम से पानी में अच्छे पैदावार होती है। किसानों को तीन से चार महीना के अंदर इनका लाभ मिलता है। सरकार किसानों के लिए निशुल्क बीज उपलब्ध करा रही है। जिससे किसान बीज लगाकर अच्छे आय मुनाफा कमा सकते हैं। साथ ही साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को निबंधन कराने का आग्रह किया। किसान अधिक से अधिक नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में पहुंचकर फसल बीमा योजना का निबंध कराकर लाभ ले। वहीं मौके पर अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम, बीपीएम अनवर हक, के अलावा अन्य मौजूद थे।

### उपायुक्त हेमंत सती ने किया शहर का निरीक्षण



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने गुरुवार को साहिबगंज शहर में चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने सबसे पहले टमटम स्टैंड में बनाए जा रहे पुल का निरीक्षण किया एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्य जल्द से जल्द पूरा करें ताकि लोगों को पहले की अपेक्षा आवागमन की अच्छी सुविधा मिल सके। उधर निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन के बाहर में अवैध रूप से लगाए गए दुकानों को अविलंब हटाने हेतु निर्देशित किया एवं जिन लोगों को आवंटित दुकान होने के बावजूद रास्तों पर दुकान लगाते हैं उससे पांच हजार रूपए जुमार्ना राशि वसुल करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने सड़को के किनारे सोलर लाइट लगाने हेतु जारेडा को पत्र प्रेषित करने को कहा। उधर निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अंजुमन नगर में नवनिर्माण किए जा रहे पीसीसी सड़क का निरीक्षण किया जहां सड़क जांच के दौरान निर्माण किए जा रहे सड़क की गुणवत्ता निम्न स्तर की पाई गई जिसके कारण निर्धारित समय सीमा से पहले ही रोड नष्ट हो जाएगी। जहां उपायुक्त ने तुरंत नवनिर्माण चल रहे सड़क को तोड़कर पुनः निर्माण हेतु निर्देशित किया एवं संबंधित जेई पर अपने कार्यों में लापरवाही बरतने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देशित किया। इस मौके पर नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

### प्लस टू दिघी भुला हाई स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने संजय गोराई




**पटमदा :** प्लस टू दिघी भुला हाई स्कूल बोड़ाम में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन गुरुवार को किया गया।पुर्व की कमिटी का कार्यकाल तीन साल पूरा होने पर भंग करके कमिटी का पुनर्गठन उप मुखिया लक्ष्मी रानी गोराई की अध्यक्षता में किया गया।सर्वसम्मति से अध्यक्ष संजय गोराई,उपाध्यक्ष सोनामनी महतो,सचिव प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार के नाम की घोषणा की गई।मौके पर छात्र छात्राओं के अभिभावक, सीआरपी पगलानंद षाडंगी, पसंस प्रतिनिधि प्रबोध महतो सहित 12 सदस्य मौजूद थे। इसके पहले सभागार में पूर्व अध्यक्ष ईशान चंद्र मुर्मू के कार्यकाल की सराहना की गई। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि उनके कार्यकाल में विद्यालय में कई प्रगति का काम हुआ। नव निर्वाचित सदस्यों एवं अध्यक्ष ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु योगदान देने का संकल्प लिया ।

### मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में साउथ प्वाइंट में मनाया गया



**पटमदा :** साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा में गुरुवार को मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। सुबह की प्रार्थना सभा में प्रार्थना के उपरांत बच्चों के बीच राष्ट्रीय खेल से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और प्रश्नों का जवाब देकर अपनी प्रतिभा दिखाई। बच्चों ने अपनी स्पीच के द्वारा खेलों के महत्व को भी बताया। मुख्य अतिथि के रूप में विधालय के डायरेक्टर शिवम शर्मा मौजूद थे। खेल प्रशिक्षक संतोष तिवारी के निर्देशन में विद्यालय के चारों सदनों में वॉलीबॉल के लिए प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें रेड हाउस और ब्लू हाउस के बीच मैच हुआ। जिसमें ब्लू हाउस ने अपनी बढ़त बनाते हुए रेड हाउस को धूल चटाई। विद्यालय के डायरेक्टर शिवम शर्मा ने बच्चों को राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में शरीर के लिए उतना ही जरूरी है, जितना दिमाग को तेज बनाने के लिए पढ़ाई। प्राचार्य अरूण कुमार सिंह ने राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन के लिए शिक्षकों और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया और ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

### एनएच 33 पर खड़े ट्रक से टकराया बाइक सवार

**सरायकेला :** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चांडिल थाना क्षेत्र के रामगढ़ के पास गुरुवार को बाइक सवार ने सड़क पर खड़े ट्रक में जोरदार धक्का मार दिया। इस घटना में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान कुकडू प्रखंड क्षेत्र के बाकारकुड़ी निवासी अंगद प्रमाणिक के रूप में की गई ह। बताया जा रहा है कि वह आसनबनी स्थित एक होटल में कारीगर का काम करता था। गुरुवार को वह बाइक से अपने घर बाकारकुड़ी से आसनबनी जा रहा था। इस घटना में अंगद के सिर पर गंभीर चोट लगी है। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही चांडिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए तत्काल एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेज दिया गया।

## एक नजर

### एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर लगाएं पौधे : सांसद

**पलामू :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने गुरुऊवार को मेदिनीनगर सदर प्रखंड अंतर्गत जोरकट (दुबियाखाड़) में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा आयोजित 75वें वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर पौधारोपण किया एवं लोगों को वृक्षों के महत्व को समझाते हुए पौधारोपण करने हेतु अनुरोध किया। एक जलकुंड दस कुएँ के समान होता है, एक तालाब दस जलकुंड के समान होता है, एक पुत्र का दस तालाब जितना महत्व है और एक वृक्ष का दस पुत्रों जितना महत्व है। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा चलाये गए अभियान ह्यएक वृक्ष मां के नाम से जुड़कर पौधारोपण करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण फोटो खिंचवाने या सिर्फ सेल्फी लेने के लिए न करे, बल्कि उनकी समय -समय पर देखभाल की भी जिम्मेवारी लें, ताकि लगाए गए पौधे मरे नहीं। सांसद ने बताया कि वृक्षों और जंगलों के दोहन और बढ़ रहे औद्योगिक क्षेत्र से प्रति वर्ष गर्मी में बेतहाशा वृद्धि हो रही है और यही परिस्थिति रही तो वो दिन दूर नहीं जब लोग अत्यधिक गर्मी और पीने के जल की कमी से त्राहिमाम करते नजर आएंगे। उन्होंने वैश्विक स्तर की सबसे बड़ी समस्या ग्लोबल वर्मिंग को भी पेड़ -पौधों की कमी को ही बताया।

### बाइक की डिक्की तोड़कर लाखों के जेवर लेकर उड़े उच्चके

**पलामू :** जिले के सतबरवा के अंसार मुहल्ले में स्थित साक्षी ज्वेलर्स सह बर्तन दुकान पर पार्क की गयी बाइक की डिक्की तोड़कर लाखों रुपए के जेवर लेकर उच्चके बुधवार रात फरार हो गए। दुकान मालिक ज्वेलरी डिक्की में रखकर एक व्यक्ति से मिलने गया था। एनएच 75 रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर घटना होने से लोगों में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलने पर सहायक अवर निरीक्षक राजीव रंजन (टू) बसंत दुबे एवं राजीव रंजन (वन) पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन प्रारंभ कर दी है। बताया जाता है कि दुकान संचालक सह मालिक बजरंगी सोनी दुकान बढ़ाने की तैयारी में था। उसने हर दिन की तरह दुकान से जेवर निकालकर अपनी बाइक की डिक्की में रखा था एवं सड़क की दूसरी छोर पर एक व्यक्ति से मिलने गया हुआ था। अगल-बगल की दुकानें खुली हुई थीं। दुकानदार के अनुसार मुश्किल से दो मिनट के लिए सड़क के उस पार जाने के बाद लौटने पर देखा कि उसकी बाइक की डिक्की का ताला टूटा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि बजरंगी सोनी बड़ी मुश्किल से उधर लाकर जेवर बेचने का काम करता था। इससे पूर्व मेलाटांड़ मेन बाजार में स्थित नंदलाल सोनी की दुकान पर लगायी गई बाइक से उचक्के लाखों रुपए के जेवर लेकर फरार हो गए थे।

### मेला में ब्रेड डांस झूले से गिरकर युवती घायल

**पलामू :** मेदिनीनगर शहर के शिवाजी मैदान में लगे डिज्लीलैंड मेला में ब्रेड डांस झूले से गिरकर एक युवती गंभीर हो गयी। उसके सिर एवं गर्दन के हिस्से में गंभीर चोट आयी है। उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उसका सिटी स्कैन एवं एक्स-रे कराया गया। इलाज कराने में मेला प्रबंधन सक्रियता दिखा रहा है। युवती की पहचान पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के इटको की 17 वषीर्या नूरी परवीण के रूप में हुई है। गुरूवार दोपहर नूरी अपने परिवार के 10 सदस्यों के साथ शिवाजी मैदान में लगे डिज्लीलैंड मेला देखने के लिए आयी थी। सारे लोग मेले में घूम रहे थे। इसी क्रम में ब्रेड डांस झूले पर झूलने के लिए नूरी समेत परिवार के अन्य सदस्य सवार हुए थे।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर डीसी ने पदाधिकारियों संग की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू) :** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि 30 अगस्त से 15 सितंबर तक जिले के सभी पंचायतों में उपरोक्त कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाना है इस कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। ऐसे में आप सभी अधिकारी टीमवर्क का परिचय देते हुए अधिकाधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के सफल संचालन हेतु आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े बीडीओ-सीओ को बेहतर समन्वय बनाकर पंचायत व ग्राम स्तर पर विशेष जागरूकता के साथ लोगों को कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी से अवगत कराने का निर्देश दिया।

**इन योजनाओं पर फोकस करने के निर्देश**

बैठक में डीसी ने कहा कि कार्यक्रम के तहत आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे.इसमें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना,अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना,अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड,जाति, आवासीय,आय प्रमाण पत्र व अन्य को लेकर फोकस किया जायेगा। सभी योजनाओं से संबंधित प्रखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मी शिविर में उपस्थित होंगे। जिले से भी सहयोग के लिए भी अधिकारियों को प्रतिनियुक्त भी किया गया है। मौके पर मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, समेत जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डीसी की अध्यक्षता में वर्चुअल मोड में जिला खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** जिले में अवैध खनन पर रोकथाम को लेकर गुरुवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गयी। वर्चुअल मोड में आयोजित इस बैठक में सर्वप्रथम बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर किये गये कार्रवाई से उपायुक्त श्री रंजन को अवगत कराया।उन्होंने बताया कि 26 जुलाई से लेकर 28 अगस्त तक अवैध खनन से जुड़े कुल 28 वाहनों को जब्त किया गया है वहीं जुमार्ने के रूप में 24.46 लाख रूपए की वसूली की गयी है साथ ही कुल 28 राजसात केस दायर किये गये हैं। बैठक में डीसी रंजन ने सभी अंचलाधिकारियों व थाना प्रभारियों से खनन क्षेत्र के निरीक्षण के समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में नियमित जांच करें एवं यह सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन नहीं हो। इसके अलावे डीसी ने अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध की गयी कार्रवाई का प्रखंडवार विस्तृत समीक्षा करते हुए जिले के सभी वन प्रक्षेत्र,अंचल में अवैध उत्खनन आदि की जानकारी ली। समाहरणालय के सभागार में डीसी, डीएफओ, डीएमओ आनंद कुमार समेत कुछ सदस्य मौजूद रहे जबकि खनन टास्क फोर्स के अधिकांश सदस्य ऑनलाइन मोड से जुड़े रहे।

## रामगढ़ प्रखंड के नावा में पेयजल की अधूरी योजना होगी अब पूर्ण : चंद्रशेखर सिंह छोटू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** चैनपुर के निकटवर्ती रामगढ़ प्रखंड के नावा चरघरवा टोला में पेयजल की अधूरी योजना अब पूर्ण होगी। योजना पूर्ण होने से लगभग 40 घरों में पेयजल आपूर्ति संभव हो सकेगी। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। कहा कि वे पिछले 4 अगस्त को रामगढ़ प्रखंड के चोरहट पंचायत स्थित नावा चरघरवा टोला गांव में जनसंपर्क किया था। जनसंपर्क के दौरान अर्ध निर्मित सौर ऊर्जा संचालित जलापूर्ति योजना को अधूरा पाया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उनसे की थी। कहा कि वे ग्रामीणों को आस्वस्त किए थे कि वे प्रयास करते हैं कि अधूरी पड़ी योजना को चालू कराया जा सके। कहा कि वे 24 अगस्त को पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ता से मिलकर गांव की स्थिति व योजना अधूरी होने की पूरी जानकारी दी। साथ ही योजना को हर हाल में पूर्ण कराने का आग्रह किया। कार्यपालक अभियंता से कहा था कि चरघरवा टोला पर अर्ध निर्मित सौर ऊर्जा संचालित एकल जलापूर्ति योजना अधूरी पड़ी है। गांव में पेयजल की भारी किल्लत है। ग्रामीणों को पेयजल नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। योजना पूर्ण की निश्चित समय सीमा समाप्त हो गई है। यह भ्रष्टाचार के गंभीर संकेत हैं। कार्यपालक अभियंता ने चंद्रशेखर सिंह छोटू से कहा था कि वे इसकी जांच कराएंगे। साथ ही इस पर निर्णय लेंगे। चंद्रशेखर सिंह छोटू ने बताया कि कार्यपालक अभियंता ने गुरुवार को दूरभाष पर बात करते हुए आस्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। ग्रामीण इसका लाभ ले सकेंगे।

## उत्पाद सिपाही दौड़ में 25 अभ्यर्थी बेहोश, अबतक 60 पीड़ित, फर्श पर लेटा कर हो रहा इलाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** मेदिनीनगर के चियांकि हवाई अड्डे पर उत्पाद सिपाही बहाली के लिए अभ्यर्थी दौड़ लगा रहे हैं। दौड़ के दौरान अचानक गिरकर बेहोश होने का सिलसिला जारी है। पिछले तीन दिनों में बहाली के दौरान 60 से अधिक अभ्यर्थी बेहोश हुए हैं। सभी अभ्यर्थियों को इलाज के लिए पलामू प्रमंडल के सबसे बड़े अस्पताल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है। गुरुवार को 25 अभ्यर्थी बेहोश हुए, जिन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है। इनमें एक अभ्यर्थी को इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है, लेकिन उसके साथ किसी परिजन के नहीं रहने के कारण उसे ले जाया नहीं जा सका है। यहीं पर उसका इलाज किया जा रहा है। उसकी पहचान नहीं हुई है। एमआरएमसीएच में सभी अभ्यर्थियों के साथ जानवरों के जैसा सलूक किया गया है। बेहोश होने वाले अभ्यर्थियों को इमरजेंसी वार्ड के फर्श पर लिटा कर इलाज किया जा रहा है। बेरोजगार युवकों के इलाज की यहां बेहतर व्यवस्था नहीं है। ईलाज के लिए बेड की भी व्यवस्था नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाइन चढ़ाने के लिए जुगाड़ का इस्तेमाल किया जा रहा है और रस्सी के सहारे सलाइन को बांधा गया है। अभ्यर्थी फर्श पर तड़प रहे हैं और उनके साथ कोई भी केयरटेकर नहीं। अभ्यर्थी विश्वात्मा कुमार ने बताया कि वह बिहार के छपरा से दौड़ में भाग लेने के लिए आए हुए है। 400 मीटर दौड़ने के बाद वह बेहोश हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया है, जहां उन्हें फर्श पर लिटा दिया गया था। अभ्यर्थी राजीव रंजन ने बताया कि दौड़ के दौरान वह अचानक बेहोश हो गए और उन्हें अस्पताल में होश आया है।

## लातेहार में वज्रपात से दो लोगों की मौत, 11 झुलसे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लातेहार :** लातेहार जिले के बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत इटके गांव के खेल मैदान में गुरुवार की शाम वज्रपात से दो ग्रामीण फुटबॉल खिलाड़ियों की मौत हो गई ।जबकि 11 लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज बालूमाथ अस्पताल में किया जा रहा है। जहां तीन घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार इटके गांव के फुटबॉल खेल मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच चल रहा था। इसी बीच अचानक वज्रपात हो गई जिसमें 13 लोग घायल हो गए । घटना के बाद तत्परता दिखाते हुए स्थानीय लोगों ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद सभी घायलों को बालूमाथ अस्पताल लाया गया। जहां जांच के क्रम में चिकित्सकों ने बरियातू प्रखंड निवासी दीपक कुमार (24) और वीरेंद्र गंझु (23)को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल दीपक गंझू, पिंकू गंझू, बबन गंझू, पिंटू गंझू, गोपाल गंझू, लालमोहन गंझू, मोहन गंझू, नागेश्वर गंझू, करण गंझू का प्राथमिक इलाज आरंभ किया। इधर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमरनाथ ने बताया कि घायलों में तीन की स्थिति गंभीर है जिनका इलाज किया जा रहा है। जबकि आठ लोग खतरे से पूरी तरह बाहर हैं। इधर घटना की जानकारी होने के बाद बालूमाथ डीएसपी आशुतोष सत्यम, थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, बरियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर समेत पुलिस के अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली।

# आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों ने राजभवन के समक्ष दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के द्वारा अपने विभिन्न मांगो को लेकर राजभवन रांची एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आहूत किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने कहा कि सभी सहायक अध्यापकों को ऐसा लग रहा था अगर वेतनमान नहीं मिलेगा तो समतुल्य वेतनमान जरूर मिलेगा क्यों कि झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो का सपना वही था और उसी को लेकर के नियमावली बनाई गई थी कि हम आकलन पास करने वालों शिक्षकों को वेतन मान देंगे परंतु यहां के पदाधिकारी ने वर्तमान शिक्षा मंत्री को बरगला कर पूर्व शिक्षा मंत्री के सपनों को चकनाचूर कर दिया। सरकार पूरी तरह पारा शिक्षकों को ठगने का कार्य कर रही है। सरकार वेतनमान की घोषणा को भूल चुकी है और बितीय बोझ का हवाला दे रही है। तिवारी ने कहा कि नहीं चाहिए हम सब को ईपीएफ का लाभ। अगर सरकार 90000 संविदा कर्मियों को ईपीएफ का लाभ दे रही है तो यह मांग अपने आप पूरा हो जाएगा या फिर बाद में हम लोग पूरा करा लेंगे। जबकि बगल के राज्य मे साढ़े चार लाख का बितीय वहां की राज्य सरकार बोझ उठाई हुई है, इसके विपरित झारखण्ड सारे खनिज सम्पदा से परिपूर्ण राज्य होते हुए भी सहायक अध्यापको को छलने का कार्य किया गया। संघर्ष मोर्चा के वार्ता मे किसी खास वर्ग के शिक्षकों को ही लाभ दिया जा रहा है जो दूसरी पार्टी के समर्थक है, हम सभी इस माटी के सबूत हैं इस माटी की सरकार को समर्थन देते आए हैं और समर्थन देना चाहते हैं और अगर हम सबको ज्यादा छला गया तो हम दूसरो के पास जाने के लिए विवश होंगे। हमारे आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापको को अपने अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। जिसे झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ कभी स्वीकार नहीं करेगा । 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर हम सभी झारखंड राज्य के आकलन सफल सहायक अध्यापक भूख हड़ताल पर रहेंगे। राजभवन में एकदिवसीय धरना कार्यक्रम मे आकलन सफल प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश महासचिव बबलू सिंह ने कहा कि सरकार वार्ता -वार्ता का खेल खेल रही है। इन तमाम बिंदुओं के साथ ही आकलन सफल और प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### छह सूत्री मांग को लेकर सात दिनों से छत्तरपुर नगर कर्मी हड़ताल पर



**छतरपुर :** छत्तरपुर नगर पंचायत के झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लॉइज फेडरेशन के बैनर तले पिछले सात दिनों से नगर पंचायत के कर्मचारी हड़ताल पर है, जिससे पूरे छत्तरपुर शहर का सफाई व्यवस्था चरमरा सी गई है। कर्मियों ने बताया कि उनकी मांगों को जबतक मान नही लिया जाता तबतक उनका हड़ताल जारी रहेगा, कर्मियों की मांग कुछ इस तरह हैं। निकाय में कार्यरत दैनिक मानदेय कर्मी को सेवा नियमित की जाए। संविदा कर्मी के वेतन भुगतान के लिए सरकार अपने स्तर से शत प्रतिशत आवंटन निर्गत करे। सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ व भुगतान सरकार अपने कोष से करे। निकाय में उच्च स्तर पदों पर निकाय कर्मियों से ही पदोन्नति प्रदान किया जाए। आउटसोर्सिंग की मजदूरी की भुगतान सरकार अपने स्तर से करें। निकाय कर्मियों को जीवन बीमा का लाभ झारखंड सरकार द्वारा किया जाए। छतरपुर नगर पंचायत कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि उनकी मांगें 2022 से अबतक लंबित हैं, वे सरकार से मांग करते हैं कि उनकी मांगें पूरी की जाए ताकि नगर के कर्मी गरिमामई होकर सही सुविधा के साथ अपने कार्य को सुचारू रूप से कर सकें। हड़ताल में नगर कमेटी अध्यक्ष दिनेश कुमार, सचिव राजन कुमार, अजय कुमार टैक्स दरोगा, सुपरवाइजर पिंकू, शीतल, लेखपाल सूरज पासवान, कम्प्यूटर ऑपरेटर राम प्रताप, गणेश मिस्त्री, चालक अजित समेत काफी संख्या में नगर कर्मी उपस्थित थे।

### पुलिस ने सात मानव तस्करों को किया गिरफ्तार

**लोहरदगा :** डीएसपी के नेतृत्व में अहतु थाना लोहरदगा एवं रेलवे सुरक्षा पदाधिकारी एवं कर्मी के सहयोग से मानव तस्करी की रोकथाम के लिए लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। एसपी हरीश बिन जमा ने प्रेस प्रतिनिधियों को बताया कि छापामारी के क्रम में रेलवे स्टेशन लोहरदगा से मजदूरों को त्रिपुरा अगरतला भट्ठा एवं सासाराम बिहार भट्ठा ले जा रहे सात मानव तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जिन में सदर थाना क्षेत्र के रघु टोली निवासी विनोद भगत, सेन्हा थाना क्षेत्र के सुरेश असुर, सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू निवासी दिलीप लोहार, सेन्हा थाना क्षेत्र के आरा निवासी अंजारूल हक, गुमला जिला के सिसई थाना क्षेत्र निवासी सुरेंद्र गोप, सेरेंग दाग थाना क्षेत्र के ऊपर तुरिया डीह निवासी जागेश्वर उरांव तथा गुमला जिला के पुसो निवासी नेपाली उरांव को गिरफ्तार किया गया। मानव तस्कर 34 मजदूरों को त्रिपुरा तथा सासाराम ले जा रहे थे, जिन्हें सकुशल बरामद किया गया। इनमें एक 10 वर्षीय बच्ची ,एक 13 वर्षीय बालक तथा दो महिला शामिल है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई दौड़ और खो-खो प्रतियोगिता

**पलामू :** पलामू डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में गुरूवार को जीएलए कॉलेज के एथलेटिक्स स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता और जीएलए कॉलेज मैदान में खो खो प्रतियोगिता कराकर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। अंतर विद्यालय बालक-बालिका खो खो, 1500 एवं 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता हुई। विभिन्न विद्यालयों जीजीपीएस स्कूल जमुने, विमला पांडे ज्ञान निकेतन बैरिया, गिरवर स्कूल, जिला स्कूल, ब्राह्मण उच्च विद्यालय, सेक्रेड हार्ट, डीएभी, संत जेवियर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, कसियाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद थे। विशिष्ट अतिथि योगासन के सचिव अनिल कुमार पांडे एवं प्रदीप कुमार मेहता थे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने बालिकाओं के 1500 मीटर दौड़ और बालक के 3000 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ किया। संचालन ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे ने किया। रेफरी एथलेटिक कोच मोनू कुमार, जीजीपीएस स्कूल की शारीरिक शिक्षक प्रीति कुमारी, अक्शा नाग, नेहा कुमारी, रंजीत कुमार सिंह, रमन सिंह, अमरदीप, अभिषेक थे। 1500 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम अमृता कुमारी, होशियाड़ी मध्य विद्यालय, द्वितीय अमृता कुमारी कसयाडीह मध्य विद्यालय और तृतीया पूजा कुमारी प्लस टू गिरवर स्कूल डाल्टनगंज। 3000 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम इरफान अंसारी द्वितीय सुधाकर कुमार मेहता तृतीय निर्मल यादव रहे। इसी तरह बालिका वर्ग खो खो में प्रथम बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय आबादगंज द्वितीय सेक्रेड हार्ट स्कूल चियाकी तृतीय विमला पांडे मेमोरियल हाई स्कूल बैरिया। खो खो बालक वर्ग में प्रथम जीजीपीएस स्कूल जमुने, द्वितीय डीएवी पब्लिक स्कूल, तृतीय विमला पांडे मेमोरियल स्कूल बैरिया रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को संघ अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद ने विजेता मेडल और ट्रॉफी, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### बिजली तार चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार



**खूंटी :** हाईटेंशन विद्युत अल्युमिनीयिम तार की चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह का पदार्फाश करते हुए तोरपा थाना की पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास सें लगभग 800 किलोग्राम हाईटेंशन बिजली का अल्युमिनियम तार बरामद किया गया हे। पकड़े गये दोनों आरोपितों में मधुकम रांची निवासी गणेश कुमार और मधुकम, महुआ टोली रांची सिकंदर सिंह शामिल हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि खूंटी के पुलिस कप्तान अमन कुमार को बुधवार को गुप्त सूचना मिली कि एक अंतर जिला गिरोह कमाडारा की ओर से हाईटेंशन बिजली के अल्युमिनियम तार की चोरी कर छोटे वाहन से खूंटी की ओर ले जानेवाला है। सूचना के सत्यापन और विधि सम्मत कार्रवाई करने के लिए एसपी के निर्देश पर तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम में तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय और अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने गुरुवार को सुबह पौने पांच बजे तोरपा थाना क्षेत्र के दियांकेल गांव के पास से एक मारुति सुजुकी सुपर कैरी माल वाहक गाड़ी नंबर जेएच 01 डीपी 2159 जो त्रिपाल से ढका हुआ था, सड़क किनारे खड़ा पाया। पीसीआर गाड़ी को देखकर वाहन पर सवार लोग गाड़ी लेकर भागने लगे। संदेह होने पर थाना प्रभारी तोरपा और पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए उक्त गाड़ी का पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया गया। वाहन पर दो लड़के सवार थे। चालक सीट पर बैठे व्यक्ति से पूछने पर उसने अपना नाम गणेश कुमार ग्राम मधुकम छोटानागपुर स्कूल के पास थाना सुखदेव नगर, जिला रांची बताया। उसकी बगल सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सिकंदर सिंह पिता जितेंद्र सिंह ग्राम मधुकम रांची बताया।

# पंचतत्वों पर आधारित खानपान रखे स्वस्थ



पंचतत्व अर्थात् पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। हमें अपने खानपान में प्रतिदिन इन पांचों तत्वों का भी सेवन करना चाहिए। ऐसा होने पर हम अधिकाधिक स्वस्थ व सक्रिय रह सकेंगे।

**वायु** - सांस के माध्यम से हर प्राणी वायु ग्रहण करता है। बाकी तत्वों को कुछ समय या कुछ दिन के लिए छोड़ा जा सकता है, पर वायु को नही। जो लोग अनशन या उपवास करते है, वे भी अन्न, फल, सब्जी या जल आदि छोड़ देते है, पर वायुसेवन नही। एक समय आहार लेने वाले संन्यासी भी वायुसेवन तो प्रतिक्षण करते ही हैं। अर्थात् पंचतत्व में से वायु प्राणियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

यह वायु व्यक्ति को शुद्ध एवं प्राकृतिक रूप मे पर्याप्त मात्रा में मिले, यह भी आवश्यक है। जो लोग बड़े शहरों में या उद्योगों के पास रहते हैं, उन्हें शुद्ध वायु नही मिल पाती। इसीलिए इन दिनों नये-नये रोग लगातार बढ़ रहे हैं। अब तो बड़े नगरों में शुद्ध ऑक्सीजन के बूथ खुलने लगे हैं, जहां पैसे देकर व्यक्ति दस-पन्द्रह मिनट शुद्ध प्राणवायु ले सकता है। जैसे आजकल हर व्यक्ति अपने साथ साफ पानी की बोतल रखने लगा है, लगता है कुछ समय बाद लोग प्राणवायु के छोटे सिलेंडर भी साथ लेकर चला करेंगे। ताजी और शुद्ध प्राणवायु प्राप्त करने की निःशुल्क विधि प्रातःकालीन भ्रमण है। सूर्योदय होने पर पेड़ों द्वारा रात में उत्सर्जित कार्बन डायआक्साइड वायुमंडल में चली जाती है। ऐसे शीतल और शांत वातावरण में अकेले या सपरिवार घूमना शुद्ध वायु ग्रहण करने का सबसे सरल उपाय है।

केवल घूमना ही नही, तो इस समय कुछ आसन, व्यायाम और प्राणायाम करना भी बहुत लाभदायक है। सुबह की ही तरह शाम का भ्रमण भी बहुत लाभकारी है। इन दोनों समय पर दिन और रात का मिलन होता है। इसके सदुपयोग से हम अपने शरीर तथा मन को स्वस्थ रख सकते हैं। बच्चों और युवाओं को तो शाम के समय पढ़ने की बजाय खेलना ही चाहिए।

चाहे कोई स्वयं वाहन न चलाता हो, पर प्रदूषित वायु सेवन करना तो उसकी भी मजबूरी ही है। इसलिए जहां सार्वजनिक यातायात व्यवस्था का बहुत अच्छा होना जरूरी है, वहां दस-बीस कदम जाने के लिए वाहन निकालने की आदत भी छोड़नी होगी। पेड़ों को कटने से बचाकर तथा परिवार के हर सदस्य के नाम पर एक पेड़ लगाकर हम प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग दे सकते हैं।

**जल**- वायु की ही तरह जल भी व्यक्ति की प्राथमिक आवश्यकता है। किसी समय बहता पानी निर्मला कहकर नदियों का जल सर्वाधिक शुद्ध माना जाता था, पर अब नगरों के सीवर, कारखानों के अपशिष्ट, समय-समय उसमें विसर्जित की जाने वाली रासायनिक रंगों से पुती मूर्तियों तथा अन्य कूड़े करकट के कारण नदियां आचमन योग्य भी नही रह गयी है। अब तो सब जगह कुछ घंटों के लिए सरकारी पानी मिलता है। वह कितना शुद्ध होता है, कहना कठिन है। पानी साफ और भरपूर मिले, इसके लिए निजी बोरिंग कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिनके लिए यह संभव नही है, उन्होंने भी घरों में फिल्टर लगा लिये हैं। इनसे एक लीटर पानी साफ होने के चक्कर में चार लीटर पानी नाली में बह जाता है। शहरीकरण का अर्थ ही है, बिजली और पानी का अत्यधिक प्रयोग। अतः जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

विद्वानों का मत है कि अगला विश्व युद्ध जल के कारण होगा। इसका सत्य तो भविष्य बताएगा पर नलों पर हर दिन डिब्बे और कनस्तर लिये लोगों को झगड़ते हुए कोई भी देख सकता है। मंगल आदि ग्रहों पर जाने वाले यान भी वहां सबसे पहले पानी की ही तलाश कर रहे हैं। इसके बाद भी लोगों का ध्यान इस ओर नही है। जो कार दो बाल्टी पानी में धोई जा सकती है, उसे दो हजार लीटर साफ पानी से धोते हुए लोग प्रायः मिल जाते हैं। हम वर्षा जल का संरक्षण कर तथा पानी को व्यर्थ न जाने देकर भी इस दिशा में अपना व्यक्तिगत सहयोग दे सकते हैं। हम साफ पानी पिएं, यह तो आवश्यक है ही पर कितना पिएं, इस बारे में अलग-अलग मत हैं। फिर भी एक व्यस्क व्यक्ति को दिन भर में आठ-दस गिलास पानी तो पीना ही चाहिए। सुबह उठकर कुल्ला-मंजन के बाद तांबे के साफ पात्र में रखा पानी भरपेट पीना बहुत लाभ देता है। तांबा जल की अधिकांश अशुद्धियां दूर कर देता है। सर्दियों में पानी को गुनगुना कर लें, तो और अच्छा रहेगा।

**आकाश**- आकाश की पहचान खालीपन या शून्यता है। घटाकाश और मठाकाश जैसी कल्पनाएं इसी में से आई हैं। आकाश में कोई भी चीज फेकें, खाली होने के कारण वह मना नही करता। वायु और अंतरिक्ष यान इसीलिए आकाश में निर्द्वन्द उड़ते हैं। किसी पात्र के खाली होने का अर्थ है कि उसमें आकाश तत्व विद्यमान है पर जब उसमें कोई वस्तु डालते हैं, तो वह हट जाता है। ऐसी शून्यता हम अपने पेट को बिल्कुल खाली रखकर प्राप्त कर सकते हैं। अतः प्रातः शौचादि से निवृत्त होने के बाद लगभग दो घंटे तक पेट को अवकाश दें। इससे जहां भोजन पचाने वाली इंद्रियों को आराम तथा अपनी टूट-फूट ठीक करने का समय मिलेगा, वहां हमें आकाश तत्व भी प्राप्त होगा। व्रत और उपवास आकाश तत्व की प्राप्ति का अवसर कुछ अधिक समय तक प्रदान करते हैं। इनका भरपूर उपयोग करना चाहिए पर इस नाम पर दिन में कई बार पेट में गरिष्ठ चीजें ठूंसते रहना शुद्ध पाखंड है।

**पृथ्वी**- पृथ्वी हमें अन्न, दाल और सब्जियां आदि देती है। अतः इनके सेवन से हमें पृथ्वी तत्व की प्राप्ति होती है पर इन्हें कच्चा नही खा सकते। इन्हें आग पर पकाकर तथा आवश्यकतानुसार कुछ अन्य मिर्च-मसाले डालकर प्रयोग किया जाता है। इनका सेवन कितना और कितनी बार करें, इसका कोई मापदंड नहीं है। शारीरिक परिश्रम करने वाले किसान या मजदूर तथा कार्यालय में बैठकर काम करने वाले की आवश्यकता अलग-अलग होगी। उन्हें उसी अनुसार इनका सेवन करना चाहिए। ऐसा न होने पर जहां एक ओर तोंद वाले, तो दूसरी ओर दुबले-पतले लोग सर्वत्र घूमते मिलते हैं।

**अग्नि**-

अग्नि का स्रोत सूर्य है। सर्दियों में तो सीधे धूप में लेटना या बैठकर काम करना अच्छा लगता है। गर्मियों में भी अपने काम के सिलसिले में घूमते-फिरते धूप लगती रहती है। इससे अग्नि तत्व अपने आप ही मिल जाता है। जो लोग दिन भर वातानुकूलित वातावरण अर्थात् एसी वाले घर, कार्यालय और कार मे रहते हैं, उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इसलिए थोड़े से परिश्रम या मौसम बदलने मात्र से ही ये लोग बीमार होकर बिस्तर पकड़ लेते हैं। भीषण गर्मियों में जहां लू से बचना आवश्यक है, वहां धूप से डरना भी अनुचित है।

जहां तक खानपान की बात है, तो सूर्य की ऊर्जा से पके हुए फल और सलाद आदि के सेवन से अग्नि तत्व भरपूर मात्रा में प्राप्त होता है पर इनका सेवन सूर्यकाल में ही करना चाहिए। अर्थात् सूर्यास्त के बाद इन्हें खाना ठीक नहीं है। इसी तर्ज पर कुछ लोग यह भी कहते हैं कि पृथ्वी तत्व वाले जिन पदार्थों को खाने से पूर्व आग पर चढ़ाना पड़ता है, उन्हें सूर्य की उपस्थिति मे नही खाना चाहिए। यद्यपि बहुत से लोग अपनी धार्मिक आस्था या वृद्धावस्था के कारण सूर्यास्त के बाद अन्न नही खाते। उनका कहना है कि सूर्यास्त के बाद शरीर की पाचनक्रिया मंद हो जाती है। अतः उस समय भारी भोजन ठीक नही है। विचार भिन्नता के कारण इस विषय को स्वतंत्र छोड़ देना ही उचित है। ये कुछ ऐसी बातें हैं, जिन्हें समय-समय पर कुछ बुजुर्गों के मुंह से सुना है। इसमें से कुछ का प्रयोग करने से लाभ भी हुआ है। यद्यपि आज की भागदौड़ वाले जीवन में सब नियमों का पालन संभव नही होता। फिर भी जितना हो सके, उतना पालन करके देखें।

# पेट दर्द के घरेलू उपचार



अधिकतर बीमारियों की वजह होती है असंयमित खान-पान। गलत खान-पान के कारण कभी-कभी पेट में दर्द होने लगता है। आमतौर पर पेट दर्द का एक मुख्य कारण अपच, मल सूखना, गैस बनना यानी वात प्रकोप होना और लगातार कब्ज बना रहना भी है। पेट दर्द को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय हैं, जो दर्द तो दूर करते हैं, साथ ही साथ पेट की क्रियाओं को भी ठीक करते हैं।

- पेट दर्द मे हींग का प्रयोग लाभकारी होता है। 2 ग्राम हींग थोड़े पानी के साथ पीसकर पेस्ट बनाएं। नाभी पर और उसके आस-पास यह पेस्ट लगाएं।

-अजवाइन को तवे पर सेक लें और काले नमक के साथ पीसकर पाउडर बनाएं। 2-3 ग्राम गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लेने से पेट का दर्द दूर होता है।

-जीरे को तवे पर सेकें और 2-3 ग्राम की मात्रा गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लें। इसे चबाकर खाने से भी लाभ होता है।

-पुदीने और नींबू का रस एक-एक चम्मच लें। अब इसमें आधा चम्मच अदरक का रस और थोड़ा सा काला नमक मिलाकर उपयोग करें। दिन में 3 बार इस्तेमाल करें, पेट दर्द में आराम मिलेगा।

-सूखी अदरक मुंह में रखकर चूसने से भी पेट दर्द में राहत मिलती है।

-बिना दूध की चाय पीने से भी कुछ लोग पेट दर्द में आराम महसूस करते हैं।

-अदरक का रस नाभी स्थल पर लगाने और हल्की मालिश करने से पेट दर्द में लाभ होता है।

-अगर पेट दर्द एसिडिटी से हो रहा हो तो पानी में थोड़ा सा मीठा सोडा डालकर पीने से फायदा होता है।

-पेट दर्द निवारक चूर्ण बनाएं। इसके लिए भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, सौंठ, लहसुन, धनिया, हींग, सूखी पुदीना पत्ती सबकी बराबर मात्रा लेकर बारीक चूर्ण बनाएं। इसमें थोड़ा सा काला नमक भी मिलाएं। खाने के बाद एक चम्मच थोड़े से गर्म पानी के साथ लें। पेट दर्द में आशातीत लाभकारी है।

-एक चम्मच शुद्ध घी में हरे धनिये का रस मिलाकर लेने से पेट की व्याधि दूर होती है।

-अदरक का रस और अरंडी का तेल प्रत्येक एक-एक चम्मच मिलाकर दिन में 3 बार लेने से पेट दर्द दूर होता है।

-अदरक का रस एक चम्मच, नींबू का रस 2 चम्मच लेकर उसमें थोड़ी सी शक्कदर मिलाकर प्रयोग करें। पेट दर्द में लाभ होगा। दिन में 2-3 बार ले सकते हैं।

-अनार पेट दर्द मे फायदेमंद है। अनार के बीज निकालें। थोड़ी मात्रा में नमक और काली मिर्च का पाउडर डालें। और दिन में दो बार लेते रहें।

-मेथी के बीज पानी में भिगोएं। पीसकर पेस्ट बनाएं। और इस पेस्ट को 200 ग्राम दही में मिलाकर दिन में दो बार लेने से पेट के विकार नष्ट होते हैं।

-इसबगोल के बीज दूध में 4 घंटे भिगोएं। रात को सोते समय लेते रहने से पेट में मरोड़ का दर्द और पेचिश ठीक होती है।

-सौंफ में पेट का दर्द दूर करने के गुण होते है। 15 ग्राम सौंफ रात भर एक गिलास पानी में भिगोएं। छानकर सुबह खाली पेट पीयें। बहुत गुणकारी उपचार है।

-आयुर्वेद के अनुसार हींग दर्द निवारक और पित्तवर्द्धक होती है। छाती और पेट दर्द में हींग का सेवन बेहद लाभकारी होता है। छोटे बच्चों के पेट में दर्द होने पर एकदम थोड़ी सी हींग को एक चम्मच पानी में घोलकर पका लें। फिर बच्चे की नाभी के चारों लगा दें। कुछ देर बाद दर्द दूर हो जाता है।

-नींबू के रस में काला नमक, जीरा, अजवायन चूर्ण मिलाकर दिन में तीन बार पीने से पेट दर्द से आराम मिलता है।

# आंखों पर दें ध्यान



आंखें अनमोल हैं, इसलिए इनकी सेहत का बदलते मौसम के अनुसार ध्यान रखना आवश्यक है

- आंखों में सूखापन की समस्या सर्दियों में बढ़ सकती है। सूखेपन से बचाव के लिए डॉक्टर के परामर्श से आर्टीफिशियल टीयर ड्रॉप का इस्तेमाल करें।
- इस मौसम में एलर्जी की शिकायत भी सभव है। इससे बचने के लिए दिन में दो बार आंखों को साफ पानी से धोएं। इन्हें मलें या रगड़ें नहीं।
- चेहरे के साथ आंख के आसपास व पलक की त्वचा को सूखेपन से बचाएं, लेकिन ध्यान रहे कि कोई भी मॉइश्चराइजर या कोल्ड क्रीम आंख के अंदर न जाए।
- काला चश्मा लगाकर ही धूप में बैठें।
- नेत्रों को चश्मे के जरिये ठंडी हवाओं से बचाएं।

## होम्योपैथी का सहारा ले सकते हैं

# अनिद्रा के रोगी

मुझे नींद नहीं आती, आपने अक्सर लोगों को यह शिकायत करते सुना होगा। नींद एक जैविक प्रक्रिया है। हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद बहुत ही जरूरी है। पर्याप्त नींद नहीं लेने से हमारी कार्यक्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है। अनिद्रा के शिकार लोगों को अक्सर दिन में इधर-उधर झपकियां लेते देखा जा सकता है।



अनिद्रा आजकल एक महामारी की तरह फैलती जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक आज विश्व में हर पांचवां व्यक्ति अनिद्रा का शिकार है। अनिद्रा का अर्थ है नीद में व्यवधान, नींद उचटना या कम नींद आना। यह दो प्रकार की होती है। पहले प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों से जिन्होंने कभी अच्छी, चैन की नींद का आनंद नहीं लिया हो तथा ये लोग तनाव, घबराहट या अन्य किसी असहनीय पीड़ा से पीड़ित न हो। पहली प्रकार की अनिद्रा से पीड़ित लोगों की नाड़ी की गति तेज तथा शरीर का तापमान अधिक होता है। इनकी बाह्य धमनियां प्रायः संकुचित होती हैं। ये लोग प्रायः हिलते-डुलते रहते हैं। दूसरे प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों की अनिद्रा से है जो किसी न किसी बीमारी से पीड़ित होते हैं जैसे पेट में दर्द, पैरों में बेचैनी, थकान, स्पाइनल कॉर्ड में दर्द आदि। इन बीमारियों से नींद की प्रारंभिक अवस्था में बाधा पहुंचती है।

दूसरे प्रकार की अनिद्रा साइकेट्रीक, साइकोसिस तथा साइकोन्यूरोसिस के मरीजों में आमतौर पर देखी जा सकती है। डर तथा चिंता भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं। डिप्रेशन तथा मेनियक डिप्रेशन से भी अनिद्रा की शिकायत हो सकती है इससे सोने पर एक बार तो नींद आ जाती है परन्तु सुबह जल्दी आंख खुल जाती है तथा बाद में रोगी सो नहीं पाता। सन्निपात तथा कोई काल्पनिक डर भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं।

चिकित्सा की होम्योपैथिक शाखा के अंतर्गत अनेक ऐसी दवाईयां हैं जिनका प्रयोग अनिद्रा के उपचार के लिए किया जाता है। मरीज के लक्षणों के आधार पर कोई भी दवा उसे दी जा सकती है।

**आर्सेनिक एलबम 30**- यह दवा उन मरीजों को दी जाती है जो किसी मानसिक बेचैनी के कारण करवटें बदलते रहते हैं। वह शारीरिक रूप से इतना कमजोर होता है कि उसका चलना-फिरना भी मुश्किल होता है। मरीज को निरंतर मृत्यु का भय बना रहता है। वह इलाज के प्रति निराश हो चुका होता है। ऐसे रोगी को बार-बार थोड़े पानी की प्यास लगती रहती है।

**कैनाबिस इंडिका 30**- यह उन रोगियों के लिए उपयुक्त होती है जो भय, भ्रांति तथा मानसिक दुर्बलता के शिकार होते हैं। ऐसे रोगी अक्सर मरे हुए लोगों को सपने में देखते हैं। उन्हें लगता है कि वह पागल हो जाएंगे। ऐसा रोगी लगातार बोलता रहता है और सिर हिलाता रहता है। अक्सर बोलते-बोलते वह यह भी भूल जाता है कि उसे आगे क्या बोलना है। विनम्र स्वभाव का व्यक्ति यदि उद्दण्ड स्वभाव हो जाए तो उसे यह दवा दी जाती है।

**हायोसाइमस नाइगर 200**- इसमें मरीज बहुत बातूनी और ईर्ष्यालु होता है। इस प्रकार का रोगी बहुत डरता है। उसे हर बात में डर लगता है जैसे अकेले रहने का डर, विष खिलाने का डर, किसी षड़यंत्र का डर आदि। बच्चों में नींद न आना, नींद आते ही डर जाना, बिस्तर से निकलने या भागने की कोशिश करना जैसे लक्षण होने पर यह दवा दी जाती है।

**कैफिया क्रूडा 200**- यह दवा उन रोगियों के लिए उचित है जिन्हें रात को नींद नहीं आती। वे अक्सर भविष्य के बारे में चिंता करते रहते हैं। ऐसे रोगी अचानक ही हंसने या रोने लगते हैं ऐसे रोगियों को बहुत अधिक चिंता, बातचीत या मानसिक परिश्रम करने में सिर में तेज दर्द होता है।

**एकोनाइटम नैपेलस 30**- इसमें रोगी अक्सर बैचेन रहता है जिससे उसे नींद नहीं आती। उसे इतना डर लगता है कि वह बेहोश भी हो जाता है। स्थिति गिंभीर होने पर रोगी को मरने का डर लगने लगता है। रोगी अक्सर डर के कारण घर से नहीं निकलता, भीड़भाड़ वाली जगहों से भी बचता है। उसे बार-बार पानी की प्यास भी लगती है।

**इग्नेशिया अमारा 200**- यह दवा उन रोगियों को दी जाती है जो शोक, भय या दुख की वजह से एकाएक बेहोश हो जाते हैं। उसे तम्बाकू या धुंआ सहन नहीं होता। उसके सिर में भी दर्द होता है। प्रेम या काम में निराशा से उत्पन्न अनिद्रा के लिए भी यही दवा कारगर होती है।

**पोर्स फ्लोरा इन्कार्नेटा (क्यू)**- वृद्धों तथा बच्चों में अनिद्रा दूर करने के लिए यह दवा कारगर सिद्ध होती है। यह दवा उन रोगियों की दी जाती है। जिन्हें तनाव और अत्यधिक मानसिक कार्य के कारण नींद नहीं आ पाती या सिर दर्द और आंखों में दर्द के कारण नींद नहीं आती।

किसी भी दवा के चुनाव से पहले रोगी के लक्षण पहचानना जरूरी होता है तथा किसी भी दवा के प्रयोग से पहले किसी विशेषज्ञ से सलाह लेना भी जरूरी होता है।

## एक नजर

### सांड ने महिला को उठाकर पटका, हुई जख्मी

**फरीदाबाद** : फरीदाबाद के चंदावली गांव में सांडों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों एक सांड ने बुजुर्ग महिला पर हमला कर उसे बुरी तरीके से घायल कर दिया था। फिर उसी जगह पर सांड ने एक और महिला को पटक कर घायल कर दिया है। चंदावली गांव में रहने वाली 55 वर्षीय विमला के पैर और घुटने में चोट आई है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि लगातार इस तरह की घटनाओं के बाद भी नगर निगम प्रशासन आवारा पशु को पकडे के लिए कार्रवाई नहीं कर रहा। चंदावली में इस वक्त सौ के करीब बेसहारा पशु घूम रहे हैं। जो लोगों को घायल कर रहे हैं। चंदावली काम रहने वाले राजकुमार सैनी ने बताया कि गुरुवार को सुबह उनकी मां पर हमला कर दिया। सुबह 5 बजे घर के बाहर काम कर रही थी, तभी सांड ने उन्हें पटक दिया है। जिसके बाद आवाज सुनकर घर के लोग बाहर आए और सांड को वहां से भगा दिया। राजकुमार ने बताया कि उनकी मां के पैर में चोट आई है ओर घुटने छिल गए हैं। इससे पहले भी 3 अगस्त और 11 अगस्त को आवारा पशुओं के कारण शहर के भारत कॉलोनी और मोहताबाद में पशुओं के कारण दो लोगों की भी जान चली गई थी। लेकिन इसके बावजूद भी नगर निगम कोई कार्रवाई नहीं की। आवारा पशुओं को लेकर नगर निगम एमओएच ओपी कर्दम ने बताया कि चंदावली गांव में गुरुवार को टीम भेजकर पशु पकडे का अभियान चलाया जा रहा है। गांव में जितने भी आवारा पशु है सभी को पकड़ कर उन्हें गौशाला में भेज दिया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ में नारायणपुर व कांकेर की सीमा पर मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली ढेर

**रायपुर/नारायणपुर** : छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और कांकेर जिलों की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में गुरुवार सुबह सर्चिंग पर निकले जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। मारे गए तीनों नक्सली महिला हैं। खबर लिखे जाने तक दोनों ओर से रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अभी मुठभेड़ जारी है। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सर्चिंग अभियान पर संयुक्त पुलिस पार्टी गई थी। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने नक्सलियों का मुंहतोड़ जवाब दिया। जवानों की जवाबी कार्रवाई में तीन नक्सली ढेर हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी जवान सुरक्षित हैं, सर्च अभियान जारी है।

# असम में वर्ष 2026 तक बंद होगा बाल विवाह : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**गुवाहाटी** : मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने गुरुवार को सदन में कहा कि राज्य वर्ष 2026 तक राज्य में बाल विवाह पर रोक लगा दी जाएगी। बाल विवाह राज्य के बाहर हो सकता है, लेकिन असम में बाल विवाह नहीं होगा। मुख्यमंत्री डॉ सरमा विधानसभा के शरदकालीन सत्र के चौथे दिन असम सरकार के मंत्री जोगेन महन के सदन में पेश किये गये 'द असम रिपिलिंग बिल 2024' पर चर्चा के दौरान संबोधित कर रहे थे। सदन में 'द असम रिपिलिंग बिल 2024' पारित कर दिया गया है। इसके मद्देनजर असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम 1935 को निरस्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा में कहा कि वर्ष 2026 तक बाल विवाह पर रोक लगा दी जाएगी। बाल विवाह राज्य के बाहर हो सकता है, लेकिन असम में बाल विवाह नहीं होगा। सदन में चर्चा के दौरान सदस्य रफीकुल इस्लाम ने कहा कि कई अरबी विद्वान और सरकारी शिक्षक काजी के रूप में काम कर रहे हैं। गुवाहाटी के केंद्रीय काजी भी शिक्षक हैं। असम में बहुत अधिक काजी नहीं हैं। राज्य में सिर्फ 90 काजी हैं। रफीकुल इस्लाम के बयान का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ₹90 काजियों की चिंता मत करिए। मुस्लिम लड़कियों के लिए न्याय के बारे में सोचिए। रफीकुल इस्लाम अपनी दो बेटियों के न्याय के बारे में सोचे बिना काजियों के बारे में सोच रहे हैं। मैं काजियों को संभाल लूंगा। काजियों को बंद करने के उद्देश्य से इस अधिनियम को निरस्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हमें सब रजिस्ट्रार कार्यालय में आने में कठिनाई होती है, तो हम अलग से मुस्लिम सब-रजिस्ट्रार कार्यालय बनाएंगे। जहां पर विवाह पंजीयन किया जा सकेगा, लेकिन मुस्लिम विवाह और तलाक केवल सरकारी कार्यालय में ही पंजीकृत होंगे। मुस्लिम विवाह के पंजीकरण के लिए शुल्क प्रतीकात्मक रूप से एक रुपया लिया जाएगा। ज्यादा पैसा नहीं लिया जाना चाहिए। पैसा कमाना हमारा इरादा नहीं है।

मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने सदन में कहा, 'देश में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले जम्मू-कश्मीर में सरकारी दफ्तरों में मुस्लिम शादियां रजिस्टर्ड होती हैं। केरल में भी विवाह सरकारी कार्यालयों में पंजीकृत होती है। हम काजियों को उनकी अब तक के कार्य के लिए शुक्रिया कहेंगे। वर्ष 1935 से काजियों ने बहुत परेशानी उठाई है। अब उन्हें ऐसा कष्ट नहीं करना चाहिए। विधायक करीमुद्दीन बोरभुइयां ने विधानसभा में कहा कि न केवल मुस्लिम बहुविवाह करते हैं, बल्कि बहुविवाह आदिवासी और चाय बागान क्षेत्रों में भी होता है। इस बयान के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि, ₹ऐसी बातें कहकर आदिवासी और चाय बागान के लोगों का गुस्सा मत बढ़ाइये। आदिवासी और चाय बागान इलाके में बहुविवाह नहीं किया जाता है। महिला कल्याण न्याय के बारे में सोचिए। महिलाओं का मतलब मेरी बेटी है।

# कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय 1 एकड़ भूमि में मातृ वन स्थापित करेगा : शिवराज सिंह चौहान



**नई दिल्ली (हि.स.)** : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज एकपेड़माँकेनाम अभियान के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिसर में पौधारोपण किया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि मंत्रालय 01 एकड़ भूमि में मातृ वन स्थापित करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैश्विक अभियान एकपेड़मांकेनाम का शुभारंभ किया था। उनके संकल्प को सुनिश्चित करने के लिए आज केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जन आंदोलन के रूप में इस अभियान की शुरूआत की है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों व छात्रों को वृक्षारोपण कर अपनी माँ और धरती माँ के प्रति सम्मान प्रकट करने का आह्वान किया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने इस दौरान बताया कि देशभर में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सभी अधीनस्थ कार्यालय, आईसीएआर संस्थान, सीएयू, केवीके और एसएयू भी अपने-अपने स्थानों पर इसी तरह का वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत 800 से अधिक संस्थानों ने भाग लिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस दौरान 3000-4000 पौधे लगाए जाएंगे।

कृषि मंत्रालय ने एक जारी बयान में कहा है कि वैश्विक अभियान के हिस्से के रूप में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के प्रयास कर रहा है कि सितंबर 2024 तक देशभर में 80 करोड़ पौधे और मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाए जाएं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 20 जून 2024 को असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में वृक्षारोपण गतिविधि शुरू की, जिसमें व्यक्तियों ने अपनी माताओं के सम्मान में पेड़ लगाए।

### ओम बिरला ने पैरालंपिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली** : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पेरिस में आयोजित हो रहे पैरालंपिक खेलों में भागीदारी कर रहे सभी भारतीय खिलाड़ियों को संपूर्ण राष्ट्र की ओर से अनंत शुभकामनाएं दीं। गुरुवार को उन्होंने ट्वीट करके कहा कि आशा है कि अपने परिश्रम और समर्पण के बल पर हमारे सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे तथा विश्व मंच पर तिरंगा फहराकर हर एक देशवासी को गौरवान्वित करेंगे। उल्लेखनीय है कि बुधवार को पैरालंपिक्स के उद्घाटन समारोह भारतीय खिलाड़ियों के दल का पैरा-एथलीट सुमित अंतिल और भाग्यश्री जाधव ने नेतृत्व किया, जो 12 विभिन्न खेलों में 84 एथलीटों के साथ देश के पैरालंपिक इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा दल है।

# कांगड़ा जिला में सुरक्षित भवन निर्माण को दी जाएगी प्राथमिकता : डीसी

**धर्मशाला (हि.स.)** : सुरक्षित भवन निर्माण के लिए मिस्त्रियों तथा कारपेंटर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा, प्रत्येक पंचायत से कम से कम मिस्त्रियों को सुरक्षित भवन निर्माण के लिए प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस के लिए 31 अगस्त तक विकास खंड अधिकारियों के माध्यम से प्रशिक्षण के लिए नोमिनेशन भी मांगे गए हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि दूसरे चरण में कांगड़ा जिला के सात विकास खंडों के मिस्त्रियों तथा कारपेटर्स के लिए प्रशिक्षण करवाया जाएगा, इसमें प्रत्येक ब्लाक से आठ मिस्त्रियों तथा दो बार बाइंडर के नाम भेजने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि नगरोटा बगबां, कांगड़ा, प्रागपुर, रैत, इंदौरा, नुरपुर, फतेहपुर दो सितंबर से लेकर सात सितंबर तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें सुरक्षित भवन निर्माण को लेकर विशेषज्ञ मिस्त्रियों को जानकारी उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने सभी विकास खंड अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए मिस्त्रियों की सूची 31 अगस्त तक भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर आवासीय होगा तथा इस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मानदेय भी दिया जाएगा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील जोन में स्थित है तथा इसी को ध्यान में रखते हुए भूकंपरोधी सुरक्षित भवन निर्माण अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन तथा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुरक्षित भवन निर्माण तथा अन्य निर्माण कार्यों को लेकर आम जनमानस को जागरूक करने के लिए अभियान आरंभ किया जाएगा ताकि सामाजिक सहभागिता के साथ ग्रामीण स्तर तक लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि भूकंप से नुक्सान को कम करने के लिए ईमारतों की रेट्रोफिटिंग जरूरी है तथा इसी दिशा में प्रारंभिक तौर पर विद्यालयों तथा अस्पतालों की इमारतों को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से रेट्रोफिटिंग का प्रयास आरंभ किया गया है। उन्होने बताया कि अभी तक 10 ईमारतों की रेट्रोफिटिंग के लिए राज्य आपदा प्रबन्धन ने पैसे जारी किए हैं। इन 10 ईमारतों में अस्पताल और स्कूल शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री आज करेंगे महाराष्ट्र का दौरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 अगस्त को महाराष्ट्र के दौरे पर रहेंगे। सुबह लगभग 11 बजे, प्रधानमंत्री मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे प्रधानमंत्री पालघर के सिडको मैदान में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पालघर में लगभग 76,000 करोड़ रुपये की वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखेंगे। वधावन भारत के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक होगा। यह बंदरगाह भारत की समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगा। इसके साथ प्रधानमंत्री लगभग 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। राष्ट्रीय पोत संचार और समर्थन प्रणाली के तहत, 13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मशीनीकृत और मोटर चालित मछली पकड़ने वाली नौकाओं पर 1 लाख ट्रांसपांडर स्थापित किए जाएंगे।

# भारत को मिली दूसरी परमाणु पनडुब्बी 'अरिघाट' नौसेना की सामरिक क्षमता और बढ़ेगी

एजेंसी



**नई दिल्ली** : परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट गुरुवार को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हो गई। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के तेजी से बढ़ते कदमों के बीच परमाणु मिसाइलों से लैस पनडुब्बी के मिलने से नौसेना की समुद्री सामरिक क्षमता और मजबूत होगी। साथ ही भारत को 'पानी के युद्ध' में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल जाएगी। पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट को विशाखापट्टनम के जहाज निर्माण केंद्र पर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है। नौसेना को 6,000 टन की परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट मिलने के बाद भारत अब रणनीतिक प्रतिरोध के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की ओर से बढ़ रही चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा। अरिहंत श्रेणी की भारत में निर्मित की गई यह दूसरी पनडुब्बी है। व्यापक परीक्षणों के बाद औपचारिक कमीशनिंग के लिए पूरी तरह से तैयार पनडुब्बी में विस्तारित अवधि में उन्नयन के साथ कुछ तकनीकी मुद्दों को सुलझाया गया था। भारत की पहली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत को 9 साल के व्यापक परीक्षण के बाद अगस्त, 2016 में समुद्र में उतारा गया था। दो साल के परीक्षण के बाद 2018 में यह पूरी तरह से चालू हो गई थी। आईएनएस अरिघाट की लांचिंग लगभग पांच साल के लम्बे इन्तजार के बाद 2017 में हो पाई। इस पनडुब्बी को मूल रूप से आईएनएस अरिदमन के नाम से जाना जाता था लेकिन इसके लॉन्च होने पर इसे आईएनएस अरिघाट नाम दिया गया था। यह पनडुब्बी सात साल तक व्यापक परीक्षण से गुजरी है। आईएनएस अरिहंत के मुकाबले आईएनएस अरिघाट में मिसाइलों की संख्या दोगुनी होगी, जिससे भारत को 'पानी के युद्ध' में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल जाएगी। अरिहंत श्रेणी की दूसरी मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट के ब्लेड प्रोपेलर जल रिएक्टर से संचालित होंगे। यह पनडुब्बी पानी की सतह पर 12-15 समुद्री मील की अधिकतम गति से चल सकती है और समुद्र की गहराई में 24 समुद्री मील (44 किमी/घंटा) की गति प्राप्त कर सकती है। इस पनडुब्बी के कूबड़ पर आठ लांच ट्यूब होंगे। यह 750 किमी. रेंज वाली 24के-15 सागरिका मिसाइलों या 3,500 किमी. की रेंज वाली 8के-4 मिसाइल तक ले जा सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश में हालिया छात्र प्रदर्शन के दौरान 1000 से अधिक लोग मारे गए, स्वास्थ्य सलाहकार का दावा



**ढाका** : बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के अपदस्थ होने बाद गठित अंतरिम सरकार ने छात्र आंदोलन के समय हताहत लोगों की संख्या को लेकर बड़ा दावा किया है। स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहा बेगम ने कहा है कि हाल के छात्र प्रदर्शन के दौरान 1,000 से अधिक लोग मारे गए। यही नहीं 400 से अधिक लोग अंधेपन का शिकार हुए। इनमें से कई की एक या दोनों आंखों की रोशनी चली गई। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार यह बात उन्होंने बुधवार को राजारबाग स्थित केंद्रीय पुलिस अस्पताल के दौरे के दौरान कही। मंत्रालय ने गुरुवार को उनके बयान की विज्ञप्ति जारी की। स्वास्थ्य सलाहकार ने कहा, हम अमेरिका में सेवा फाउंडेशन के संपर्क में हैं। जिन लोगों ने अपनी दृष्टि खो दी है या आंखों की समस्या है, हमने उनकी सूची फाउंडेशन को भेज दी है। उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि वे जल्द से जल्द डॉक्टर भेजेंगे। मरीजों का इलाज इस्फहानी इस्लामिया आई इंस्टीट्यूट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी एंड हॉस्पिटल के साथ-साथ चटगांव आई हॉस्पिटल और दिनाजपुर में किया जाएगा।

### तिरंगा रैली में जिन बाइक पर बैठे मंत्री, पुलिस ने उनके काटे चालान



**फरीदाबाद** : फरीदाबाद में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के बाद अब उन दो अन्य बाइकों के चालान भी काटने का मामला सामने आया है। इन बाइक केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सवार थे। दोनों मंत्रियों ने तिरंगा यात्रा के दौरान बाइकों पर बैठते हुए हेलमेट नहीं लगाए थे। हालांकि, मंत्रियों व नेताओं के चालान काटकर वाहवाही बटोर रही ट्रैफिक पुलिस की इस मामले में बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। पोस्टल ई-चालान पर जो डेट और जगह लिखी है, वे दोनों ही गलत हैं। जिस दिन और जगह का बताकर यातायात विभाग ने इन दोनों नेताओं का चालान किया है, वे उस दिन वहां गए ही नहीं थे। ठीक इसी तरह की कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस ने बीते रविवार को उस बाइक के खिलाफ भी की है, जिस बाइक पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला सवार थे। उन्होंने बाइक पर सवार होते समय हेलमेट नहीं पहना था। ट्रैफिक पुलिस ने दोनों मंत्रियों की सवारी वाली बाइकों के चालान बीते रविवार को जारी किए हैं। इनमें बताया गया है कि इन दोनों मंत्रियों कृष्ण पाल गुर्जर और मूलचंद शर्मा ने बिना हेलमेट लगाए 25 अगस्त को फरीदाबाद में बाइक पर सवारी की है। जिस बाइक पर केंद्रीय राज्य मंत्री बैठे थे, वह डबुआ कॉलोनी निवासी प्रवीन शर्मा के नाम पर पंजीकृत है। वहीं, मूल चंद शर्मा जिस बाइक पर सवार थे, वह बाइक अमित कुमार के नाम रजिस्टर्ड है। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री वाली बाइक का एक हजार रुपए और हरियाणा के मंत्री वाली बाइक का 2 हजार रुपए का चालान काटा गया है। ट्रैफिक पुलिस ने ई-चालान पर जिन घटनाओं का जिक्र करते हुए फोटो लगाया है, वह 13 अगस्त के दिन तिरंगा रैली की हैं। फरीदाबाद की बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13 अगस्त को केंद्रीय राज्य मंत्री के कृष्ण पाल गुर्जर ने कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के साथ अंबेडकर चौक से तिरंगा यात्रा शुरू करते हुए सेक्टर 2 पर इसका समापन किया था। चालान वाली तस्वीर भी उसी समय की है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर बुलेट बाइक पर बिना हेलमेट तिरंगा लेकर पीछे बैठे हुए थे। उनके साथ हरियाणा के कैबिनेट मंत्री शर्मा भी दूसरी बुलेट बाइक सवार थे। इस गड़बड़ी के सामने आने के बाद ट्रैफिक थाना प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि ई-चालान स्मार्ट सिटी ऑफिस में बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से किया जाता है। यह गड़बड़ी कैसे हुई, इसकी कोई जानकारी नहीं है। यदि ऐसा कुछ हुआ है तो उसमें सुधार जरूर किया जाएगा।

### हिमाचल के छह जिलों में बाढ़ की चेतावनी 134 सड़कें बंद

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश में मानसून कहर बनकर बरस रहा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बीती रात से बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने राज्य के मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में आज भारी बारिश, मेघगर्जन और बिजली कड़कने का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही अगले 24 घण्टे यानी शुक्रवार 5:30 बजे तक आधे हिमाचल में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की है।

मौसम विज्ञान विभाग ने आगाह किया है कि राज्य के छह जिलों चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, शिमला, सोलन और सिरमौर में फ्लैश फ्लड आने की आशंका है और लोग घरों से बाहर निकलते समय एहतियात बरतें। स्थानीय लोगों के साथ बाहर से आने वाले सैलानियों को भूस्खलन संभावित इलाकों की यात्रा न करने और नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है। आगामी चार सितंबर तक प्रदेश भर में मौसम के खराब रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने तीन सितंबर को भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अगस्त महीने में सामान्य से ज्यादा बरसात हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक गुरूवार सुबह तक राज्य में भूस्खलन से एक नेशनल हाइवे और 134 सड़कें ठप हैं। किन्नौर जिला में नेशनल हाइवे संख्या पांच अवरुद्ध हुआ है। शिमला जिले में 59, सिरमौर में 28, कुल्लू व मंडी में 16-16, कांगड़ा में 10 सड़कें बंद हैं। शिमला शहर में भूस्खलन, सड़क धंसी, आधा दर्जन पेड़ गिरे राजधानी शिमला में हो रही व्यापक वर्षा से जनजीवन प्रभावित हुआ है। शहर में करीब आधा दर्जन पेड़ों के धराशायी होने से निजी संपति को नुकसान पहुंचा है। छोटा शिमला क्षेत्र में राज्य सचिवालय के समीप एक सरकारी कार्यालय के भवन को पेड़ गिरने से क्षति पहुंची। हालांकि इस दौरान किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। यूएस क्लब के समीप मच्छी वाली कोटी नामक स्थान पर सम्पर्क सड़क धंसने से दो मंजिला भवन धराशायी हुआ। नगर निगम प्रशासन ने इस भवन को पहले ही असुरक्षित घोषित कर दिया था। सड़क से सटे कई मकान खतरे की जद में आ गए हैं। शिमला को निचले हिमाचल से जोड़ने वाले शिमला-बिलासपुर नेशनल हाइवे बीती देर रात चक्कर के पास पहाड़ी से मलबा व पेड़ गिरने से बाधित हो गया। प्रशासन ने जेसीबी व मशीनरी की मदद से हाइवे को बहाल किया। शिमला-बालूगंज सड़क भूस्खलन के कारण पिछले एक हफ्ते से बंद पड़ी है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक बुधवार शाम से गुरुवार सुबह तक शिमला जिला के चौपाल में सबसे ज्यादा 40 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। धौलाकुआं में 20, नाहन में 19, पांवटा साहिब में 15, भरविन में 12 और सराहन में 11 मिमी वर्षा हुई।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह* (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902